दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

वर्ष : 10 अंक : 340 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, रविवार 04 जनवरी, 2026 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st

# भजनलाल शर्मा ने पार्टी जनों से कहा-हमने खूब काम किया जनता के बीच छाती ठोक कर जाएं और सरकार की उपलब्धियां को बताएं

## प्रदेश भाजपा संगठन की कार्यशाला का आयोजन, पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री बी एल संतोष, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मदन राठौड़, वसुंधरा राजे,पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया वित्त आयोग के अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी और पार्टी के कई अन्य बड़े नेता रहे मौजूद

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को राजस्थान विधानसभा के कांस्टीट्यूशन क्लब में आयोजित प्रदेश भाजपा कार्यशाला में ओजस्वी और दमदार भाषण दिया उन्होंने पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं से कहा कि हमने पिछले 2 साल में खूब विकास कार्य किए हैं इसलिए वे जनता के बीच छाती ठोक कर जाएं और सरकार की उपलब्धियां को बताएं उन्होंने कहा कि हमने पिछले दो साल में प्रदेश में हर क्षेत्र में तेजी से विकास कार्य किया है और कोई भी ऐसा काम नहीं किया जिसकी वजह से हमारी सरकार को और हमारी पार्टी के नेताओं को नीचा देखना पड़े । उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी सिर्फ लोगों को गुमराह कर रही है और हमने 2 साल में प्रदेश के विकास पर अपना पूरा फोकस रखा है इसलिए हम गर्व के साथ जनता के बीच जा सकते हैं और उन्हें अपने कामों के बारे में बता सकते हैं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पार्टी के कार्यशाला में अपनी सरकार के कार्यों को विस्तार से रखते हुए कांग्रेस पार्टी पर तीखा हमला बोला और कहा कि उन्होंने 5 साल में जितने काम नहीं किया उससे कहीं ज्यादा काम हमने 2 साल में करके दिखाया है मुख्यमंत्री शर्मा ने 5 साल बनाम 2 साल के आंकड़े प्रस्तुत कर कांग्रेस पार्टी को आइना दिखाया मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने छाती ठोक कर कहा कि हमने विकास के काम किए हैं। हमने किसी भी प्रकार का कोई गलत काम नहीं किया है और यह बात हम पूरे आत्मविश्वास के साथ कह सकते हैं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पार्टी के कार्यकर्ताओं को संगठन की सबसे बड़ी पूंजी बताया और कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत से ही पार्टी का संगठन मजबूत होता है और पार्टी का संगठन जब मजबूत होता है तो पार्टी की सरकार बनती है उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर सरकार की योजनाओं और उपलब्धियां को जन-जन तक पहुंचाने का आवाहन किया मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमने पिछले दो साल में पानी, ऊर्जा, बिजली, सड़क, चिकित्सा, शिक्षा, कृषि, रोजगार , उद्योग ,महिला एवं बाल विकास स्किल डेवलपमेंट शांति एवं कानून व्यवस्था इत्यादि सभी क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किया और बड़े-बड़े फैसले और बड़े-बड़े निर्णय लिए उन्होंने कहा कि हमने एक तरफ जहां ईआरसीपी योजना को फाइल से धरातल पर लेकर आए हैं और इस योजना पर तेजी से कार्य हो रहा है तो दूसरी तरफ वर्षों से हरियाणा से यमुना जल समझौता का जो विवाद चल रहा था उसके साथ समझौता किया जिसकी वजह से शेखावाटी के क्षेत्र को अब यमुना का पानी जल्दी ही मिल सकेगा। इसके लिए डीपीआर तैयार की जा रही है इसी तरह से गंग नहर की मरमत और नहरी क्षेत्र के जिलों में नहरो की मरम्मत संरक्षण इत्यादि के लिए भारी मात्रा में बजट मंजूर करके वहां पर पानी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है । इस तरह से प्रदेश के सभी जिलों में पीने के पानी और खेती के लिए समुचित पानी की व्यवस्था को ध्यान में रखकर हमने बड़े-बड़े निर्णय और बड़े-बड़े फैसले लिए जिनके अच्छे परिणाम सामने आएंगे । उन्होंने कहा कि हमने सौर ऊर्जा के क्षेत्र में भी शानदार काम किया है और पूरे देश में सौर ऊर्जा उत्पादन में राजस्थान पहले नंबर पर है और राजस्थान का किसान अब सौर ऊर्जा के माध्यम से बिजली पैदा करने लगा है इसलिए राजस्थान बहुत जल्दी ही बिजली के क्षेत्र में भी आत्मनिर्भर बनने वाला है और प्रदेश के सभी किसानों को 2027 तक दिन में बिजली उपलब्ध करवाने लग जाएंगे । इसी तरह से पिछले 2 साल में 296 भर्ती परीक्षाओं का आयोजन हुआ लेकिन एक भी भर्ती परीक्षा का पेपर लीक नहीं हुआ हमने सभी भर्ती परीक्षाएं पारदर्शक ढंग से आयोजित करवाई जिसकी वजह से प्रदेश के युवा हमारी सरकार से खुश हैं मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि हम हर साल 1 लाख लोगों को सरकारी नौकरी देने के अलावा निजी क्षेत्र में भी बड़ी संख्या में रोजगार दिलवा रहे हैं। हम 5 साल में 4 लाख सरकारी नौकरी देंगे अब तक 92000 से ज्यादा सरकारी नौकरी दी जा चुकी है और 153000 सरकारी नौकरियां प्रक्रिया में चल रही है इसलिए प्रदेश का युवा हमारी सरकार को आशा भरी निगाहों से देख रहा है उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने राइजिंग राजस्थान में 35 लाख करोड़ के समझौते किए जिनमें एक चौथाई समझौते धरातल पर आ गए हैं इसी तरह से प्रवासी राजस्थान दिवस समारोह के माध्यम से भी प्रवासी राजस्थानी प्रदेश में इन्वेस्ट करने को आगे आ रहे हैं इसलिए आने वाले समय में राजस्थान उद्योगों के क्षेत्र में भी काफी आगे बढ़ेगा और यहां पर रोजगार के व्यापक अवसर पैदा होंगे जिसकी वजह से प्रदेश की युवाओं को बेरोजगारी की समस्या से जूझना नहीं पड़ेगा उन्होंने कहा कि शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में भी खूब कार्य किए हैं पिछले 2 साल में 20 करोड़ से ज्यादा नए पेड़ लगा चुके हैं और पूरे 5 साल में 50 करोड नए पेड़ लगाएंगे महिला एवं बाल कल्याण के लिए भी हमने बहुत कार्य किए हैं महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रहे हैं पिछले 2 साल में बड़ी संख्या में महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं जिसकी वजह से उनकी और उनके परिवार वालों की आर्थिक स्थिति काफी मजबूत हुई है उन्होंने कहा कि प्रसूता और नवजात शिशुओं के लिए भी हमने कई तरह की योजनाएं प्रस्तुत की इस तरह से हमने ऐसा कोई क्षेत्र नहीं छोड़ा जिसमें विकास कार्य नहीं किए हो इसीलिए कांग्रेस पार्टी को राजस्थान में और देश में कोई ऐसा मुद्दा नहीं मिल रहा जिसकी वजह से वह भाजपा की सरकारों को कटघरे में खड़ा कर सके इसीलिए बेवजह और अलग-अलग मुद्दे उठाकर प्रदेश के लोगों को गुमराह करने का प्रयास कर रही है इसलिए कांग्रेस पार्टी के झूठ के प्रचार को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए भाजपा के संगठन से जुड़े सभी छोटे-बड़े नेताओं को एकजुट होकर कांग्रेस के इस षड्यंत्र का पर्दाफाश करना होगा उन्होंने पार्टी जनों से कहा कि सिर्फ प्रदेश की जनता को सरकार की उपलब्धियां और योजनाओं के बारे में आपको बताना है बहुत से लोग हैं जिन्हें अभी सरकार की योजनाओं उपलब्धियां की जानकारियां नहीं है इसलिए अगर सरकार की उपलब्धियां और विकास कार्यों की जानकारी जन-जन तक पहुंचाएंगे तो इससे प्रदेश के लोगों का भाजपा और सरकार दोनों के प्रति भरोसा और विश्वास और मजबूत हो सकेगा ।





### मदन राठौड़ ने संगठन से जुड़े नेताओं को भरोसा दिलाया सरकार में उनका पूरा सम्मान है

*प्रदेश भाजपा की कार्यशाला में प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता पार्टी की रीड की हड्डी है और एक ऐसी पूंजी है जिसकी वजह से पार्टी अपने लक्ष्य को प्राप्त करती है इसलिए जिस पार्टी का कार्यकर्ता मेहनती कर्मठ और ईमानदारी से अपना काम करता है वह पार्टी निश्चित रूप से अपने मिशन में कामयाब होती है राठौर ने खुशी जताते हुए कहा कि राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी के संगठन से जुड़े सभी छोटे-बड़े नेता काफी मेहनत और समर्पित भाव से पार्टी की सेवा कर रहे हैं पार्टी के संगठन को मजबूत कर रहे हैं उन्होंने पार्टीजनों से कहा कि आगामी पंचायत राज और नगर निकाय चुनाव में भी इसी तरह से पार्टी के संगठन को मजबूती देने में मेहनत से कार्य करें जिससे चुनाव में पार्टी को सफलता मिल सके उन्होंने पार्टी के छोटे-बड़े सभी नेताओं को भरोसा और दिलाया कि प्रदेश सरकार में उनका पूरा सम्मान है और उन्हें पूरी उम्मीद है कि सरकार पार्टी के कार्यकर्ताओं का पूरा सम्मान और पूरा ध्यान रखेगी राठौर ने कहा कि हिंदुस्तान में अकेली भारतीय जनता पार्टी एक ऐसी पार्टी है जो एक साधारण से कार्यकर्ता को भी बड़े से बड़े पद पर बिठा देता है इसलिए जो कार्यकर्ता समर्पित और मेहनत से कार्य करेगा पार्टी उसे जरूर आगे बढ़ने का अवसर देती है मदन राठौड़ ने कहा कि पिछले 2 साल में हमारी सरकार ने हर क्षेत्र में व्यापक कार्य किए हैं इसलिए जनता के बीच सरकार के कार्यों को और सरकार की उपलब्धियां को बताना भी बहुत जरूरी है उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की सरकार के कामकाज और उपलब्धियां को जन-जन तक पहुंचाने के लिए जी जान से मेहनत करें जिसकी वजह से सरकार और पार्टी के प्रति लोगों का भरोसा और विश्वास और मजबूत होसके*

### मुख्यमंत्री आवास पर भजनलाल शर्मा ने बी एल संतोष का किया भव्य अभिनंदन

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को मुख्यमंत्री आवास पर पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी एल संतोष का भव्य अभिनंदन किया। इस मौके पर प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड़ भी मौजूद रहे मुख्यमंत्री आवास पर इन तीनों नेताओं के बीच आपस में कुछ देर तक बातचीत भी ही पार्टी के संगठन से जुड़े विषयों के अलावा सरकार से जुड़े विषयों को लेकर भी तीनों नेताओं के बीच बातचीत हुई पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री संतोष प्रदेश सरकार के कामकाज को लेकर काफी प्रभावित और खुश दिखे और उन्होंने पिछले 2 साल के कार्यों को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पीठ थपथपाई ।

### वसुंधरा राजे ने कार्यशाला में अधिकारियों को चेतावनी दी

कांस्टीट्यूशन क्लब में आयोजित भाजपा की कार्यशाला में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने अधिकारियों को चेतावनी दी है कि भाजपा के संगठन से जुड़े नेता का कॉल रिसीव करें । उनकी समस्याओं को सुने और अगर उनकी समस्याओं को नहीं सुनेंगे कॉल रिसीव नहीं करेंगे तो फिर ऐसे अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई भी तय है वसुंधरा राजे ने कार्यशालय में कहा कि पार्टी के जिला अध्यक्ष मंडल अध्यक्ष बूथ अध्यक्ष का अपना अस्तित्व होता है उनकी समस्याओं को हर हाल में अधिकारियों को सुनना ही होगा अन्यथा फिर अधिकारी कार्यवाही के लिए भी तैयार रहे ।

## चालू महीने के आखिरी सप्ताह में विधानसभा के बजट सत्र के शुरू होने के आसार



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान विधानसभा का बजट सत्र चालू जनवरी महीने के आखिरी सप्ताह में शुरू होने की प्रबल संभावना है इसके लिए राजस्थान विधानसभा कार्यालय और राजस्थान सरकार दोनों ने ही बजट सत्र की तैयारी शुरू कर दी है इस बीच संसदीय मंत्री जोगाराम पटेल ने भी जोधपुर में पत्रकारों से बातचीत के दौरान जनवरी के आखिरी सप्ताह में राजस्थान विधानसभा के बजट सत्र शुरू होने की बात कही है जानकार लोगों का कहना है कि आगामी बजट के लिए एक तरफ जहां मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बजट की रूपरेखा तैयार करने के लिए पार्टी के विधायकों के अलावा पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं तथा विभिन्न क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों सामाजिक संगठनों सरकारी कर्मचारी संगठनों स्वयंसेवी संस्थाओं इत्यादि से विचार विमर्श और सामूहिक सलाह मशविरा के आधार पर ही बजट की रूपरेखा तैयार करने की दिशा में काम कर रहे हैं शुक्रवार को ही भजन लाल शर्मा ने जोधपुर संभाग के विधायकों के साथ में बजट को लेकर चर्चा की थी और आने वाले दिनों में प्रदेश के अन्य संभाग के विधायकों और पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं से भी बजट को लेकर चर्चा करेंगे इसलिए करीब-करीब यह तय है कि जनवरी के अंतिम सप्ताह में विधानसभा का बजट सत्र शुरू हो जाएगा जानकार लोगों का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के आधार पर सरकार को आगामी अप्रैल तक प्रदेश में पंचायत राज और नगर निकाय के चुनाव भी आयोजित करवाने हैं इसलिए इस बार बजट सत्र जल्दी से जल्दी शुरू करके इसे जल्दी से जल्दी संपादित किया जाएगा ताकि आगामी चुनाव की तैयारी के लिए प्रदेश के सभी राजनीतिक दलों को समय मिल जाए जानकार लोगों का कहना है कि इस बार बजट सत्र में एक बार फिर से कांग्रेस पार्टी सत्ता पक्ष को कई मामलों को लेकर कटघरे में खड़ा कर सकती है जिसमें अरावली पर्वतमाला मनरेगा प्रदेश में मतदाता सूची से बड़ी संख्या में नाम हटाना इत्यादि कई विषय हैं जिनको लेकर कांग्रेस पार्टी एक तरफ जहां आने वाले दिनों में सड़कों पर आंदोलन करने जा रही है तो दूसरी तरफ राजस्थान विधानसभा के बजट सत्र में भी कांग्रेस पार्टी इन सब मुद्दों को लेकर प्रदेश सरकार को कटघरे में खड़ा कर सकती है

## राजस्थान सरकार का बड़ा फैसला, सरकारी स्कूलों में स्टूडेंट्स को अखबार पढ़ना जरूरी



**जयपुर** राजस्थान सरकार ने विद्यार्थियों में समसामयिक विषयों की समझ विकसित करने, पठन-पाठन की आदत को मजबूत करने और भाषा कौशल में सुधार के उद्देश्य से सभी सरकारी विद्यालयों में रोजाना अखबार पढ़ना अनिवार्य कर दिया. स्कूल शिक्षा विभाग ने इस बारे में 31 दिसंबर को एक आदेश जारी किया. आदेश के अनुसार, राज्य के सभी राजकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों के लिए दैनिक अखबार पढ़ना अनिवार्य किया गया है. इस पहल के तहत विद्यालयों की प्रार्थना सभा में रोज 10 मिनट प्रमुख राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय एवं खेलकूद समाचारों के प्रमुख संपादकीय और प्रमुख समाचार घटनाक्रम का वाचन किया जाएगा. साथ ही विद्यार्थियों की शब्दावली सुदृढ़ करने के लिए रोजाना पांच नए शब्दों का अर्थ सहित परिचय कराया जाएगा. इसके लिए कक्षा छह से 12 तक के विद्यार्थियों को दायित्व सौंपा जाएगा. आदेश में बताया गया कि उच्च माध्यमिक विद्यालय में न्यूनतम 2 अखबार (एक अंग्रेजी, एक हिन्दी भाषा का) मंगवाये जाएं, जबकि प्रत्येक राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में हिन्दी भाषा के दो अखबार मंगवाए जाएं. इसी तरह अंग्रेजी राजकीय विद्यालयों में न्यूनतम दो अखबार (एक अंग्रेजी, एक हिन्दी भाषा का) मंगवाने को कहा गया है, और विद्यालयों में प्रार्थना सभा के दौरान एक अंग्रेजी व एक हिन्दी के राष्ट्रीय स्तर के अखबार का वाचन कराया जाएगा.

## *पवित्र पिपरहवा अवशेषों की अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी का शुभारंभ*

### पीएम बोले- भगवान बुद्ध सबके हैं, सबको जोड़ते हैं



जयपुर टाइम्स

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को भगवान बुद्ध से जुड़े पवित्र पिपरहवा अवशेषों की भव्य अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में उन्होंने कहा, सवा सौ साल के इंतजार के बाद भारत की विरासत लौटी है, भारत की धरोहर लौटी है। आज से भारतीय जनमानस, भगवान बुद्ध के इन पवित्र अवशेषों के दर्शन कर पाएगा, भगवान बुद्ध के आशीर्वाद ले पाएगा। मैं इस शुभ अवसर पर यहां मौजूद सभी अतिथियों का स्वागत और अभिनंदन करता हूं। उन्होंने आगे कहा, 2026 के शुरुआत में ही यह शुभ उत्सव बहुत प्रेरणादायी है और मेरे लिए सौभाग्य की बात है कि 2026 का ये मेरा पहला सार्वजनिक कार्यक्रम है, जो भगवान बुद्ध की चरणों से शुरू हो रहा है। मेरी कामना है कि भगवान बुद्ध के आशीर्वाद से 2026 दुनिया के लिए शांति, समृद्धि और सद्भाव का नया दौर लेकर आए। जिस स्थान पर यह प्रदर्शनी लगी है वो भी अपने-आप में विशेष है। किला राय पिथौरा का यह स्थान भारत के गौरवशाली इतिहास की यशभूमि है। उन्होंने कहा, भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेष को अपने बीच पाकर हम सभी धन्य हैं। इनका भारत से बाहर जाना और लौटकर फिर भारत आना... ये दोनों ही पड़ाव अपने-आप में बहुत बड़ा सबक है। सबक ये है कि गुलामी कोई राजनीतिक और आर्थिक नहीं होती, गुलामी हमारी विरासत को भी तबाह कर देती है। भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेष के साथ भी यही हुआ। गुलामी के कालखंड में इन्हें भारत से छीना गया। तब से करीब सवा सौ साल तक ये देश से बाहर ही रहे हैं। इसलिए उन्होंने इन पवित्र अवशेषों को अंतरराष्ट्रीय बाजार में नीलाम करने का प्रयास किया। भारत के लिए तो भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेष... हमारे आराध्य का ही एक अंश है, हमारी सभ्यता का अभिन्न अंग है।

## यात्रियों को शानदार यात्रा अनुभव प्रदान करेगी वंदे भारत स्लीपर ट्रेन : अश्वनी वैष्णव



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(एजेंसी)** केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि बंदे भारत स्लीपर ट्रेन यात्रियों को एक शानदार सफर का अनुभव करावेगी वैष्णव असम में गुवाहाटी से पश्चिम बंगाल के कोलकाता के बीच शुरू होने वाली देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का निरीक्षण करने के लिए नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पहुंचे थे। यहां पर उन्होंने ट्रेन में यात्रियों के लिए प्रदान की गई सुविधाओं का निरीक्षण किया स्लीपर वंदे भारत ट्रेन का निरीक्षण करने के दौरान अश्वनी वैष्णव ने बताया कि गुवाहाटी से कोलकाता के बीच देश की पहली वंदे भारत ट्रिपल ट्रेन शुरू होने जा रही है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जल्द ही इस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे उन्होंने इस ट्रेन में यात्रियों की यात्रा को आरामदायक बनाने के लिए विशेष ध्यान दिया है दो रैंकों वाली इस ट्रेन में ऊपर की सीट पर जाने के लिए आधुनिक सीढ़ियां लगाई गई है हर सीट संख्या के पास बेल का स्विच लगाया गया है सी से इस तरह के लगाए गए हैं जितनी रोशनी यात्री को चाहिए वह उतना प्रकाश रख सकते हैं उन्होंने बताया कि शौचालय में पानी की बूंद दूर तक न जाए और पानी बेकार न हो इसका विशेष ध्यान रखा गया है इस ट्रेन में आधुनिक शौचालय स्थापित किए गए हैं वैष्णव ने कहा कि है पूरी तरह से एक नया डिजाइन है 1970 के दशक में राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन शुरू हुई थी और उसके बाद वंदे भारत श्री पर एक बड़ा बदलाव है यह ट्रेन यात्रियों को एक शानदार अनुभव देगी खान की गुणवत्ता चादरों की गुणवत्ता कंबल की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया गया है इस ट्रेन में आरामदायक और मुलायम सेट कोच के बीच ऑटोमेटिक दरवाजे और वेस्टिब्यूल बेहतर सस्पेंशन और कम शोर की सुविधा दी गई सुरक्षा के लिए ट्रेन में कवच सुरक्षा प्रणाली और इमरजेंसी टॉकबैक सिस्टम लगाए गए हैं साफ सफाई के लिए डिसइनफेक्टेंट तकनीक का इस्तेमाल किया गया है लोको पायलट के लिए आधुनिक कंट्रोल और सेफ्टी सिस्टम वाला एडवांस्ड ड्राइवर केबिन दिया गया है।

# अमेरिका ने वेनेजुएला पर बोला हमला, राजधानी समेत कई शहरों में बमबारी; पूरे देश में इमरजेंसी

जयपुर टाइम्स

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** वेनेजुएला की राजधानी काराकास में शनिवार, 3 जनवरी की रात एक के बाद एक कई धमाके हुए। राजधानी में एयरक्राफ्ट की तेज आवाजें भी सुनी गईं। वेनेजुएला सरकार ने इस संबंध में तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। एएफपी की रिपोर्ट के मुताबिक, काराकास में हुए इन हमलों को देखते हुए और एयरक्राफ्ट की आवाज सुनकर कई लोग घरों पर बाहर निकल आए। वेनेजुएला पर इस हमले में अमेरिका का हाथ है। रॉयटर्स से बात करते हुए एक अमेरिकी अधिकारी ने इस बात की पुष्टि की है। रॉयटर्स से बातचीत में एक अमेरिकी अधिकारी ने अपनी पहचान को गुप्त रखते हुए बताया कि अमेरिका, वेनेजुएला पर हमला कर रहा है। अधिकारी ने इस मामले में और अधिक जानकारी साझा नहीं की। अमेरिका के इस हमले के बाद पूरे वेनेजुएला में इमरजेंसी लगा दी गई है। वेनेजुएला में ये



धमाके ऐसे समय हुए हैं। जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने सोमवार, 29 दिसंबर को वेनेजुएला के खिलाफ जमीनी हमले की आशंका जताई। डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को कहा था कि संयुक्त राज्य अमेरिका ने वेनेजुएला की ड्रग नौकाओं के डॉकिंग क्षेत्र पर हमला कर उसे नष्ट कर दिया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप के दावे के बाद वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने सोमवार के हमले की न तो पुष्टि की और न ही खंडन किया। लेकिन गुरुवार, 1 जनवरी को निकोलस मादुरो ने कहा कि अमेरिकी सैन्य दबाव के हफ्तों बाद वे वॉशिंगटन के साथ सहयोग करने के लिए तैयार हैं। वेनेजुएला के राष्ट्रपति ने दावा किया कि वॉशिंगटन से उन्हें सत्ता से हटाने की कोशिश की जा रही है, क्योंकि वेनेजुएला के पास पृथ्वी पर तेल का सबसे बड़ा ज्ञात भंडार है। डोनल्ड ट्रंप बीते कई हफ्तों से वेनेजुएला में मादक पदार्थों के गिरोहों पर जमीनी हमले की धमकी दे रहे हैं और कह रहे हैं कि ये हमले जल्द ही शुरू होंगे, जिसका पहला स्पष्ट उदाहरण सोमवार को देखने को मिला। अमेरिकी सेना ने सितंबर से कैरेबियन सागर और पूर्वी प्रशांत महासागर में नौकाओं पर एक के बाद एक कई हमले किए हैं, जिनका निशाना वे लोग बने, जिन्हें अमेरिका मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले बता रहा है।

CMYK

अलवर जयपुर टाइम्स

जयपुर, रविवार
4 जनवरी, 2026

## राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में अलवर जिले के खिलाड़ी करेंगे राजस्थान का प्रतिनिधित्व

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** ग्रेटर नोएडा (उत्तर प्रदेश) में 4 से 10 जनवरी 2026 तक आयोजित होने वाली एलाइड महिला एवं पुरुष वर्ग की राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में अलवर जिले के खिलाड़ी राजस्थान का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। महिला वर्ग में अलवर की दिशा गॉड एवं चारु यादव, जबकि पुरुष वर्ग में तरुण शर्मा ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त कर अपना स्थान बनाया है। साथ ही अलवर के बॉक्सिंग कोच अजीत यादव इस प्रतियोगिता में टेक्निकल ऑफीसर के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। अलवर के खिलाड़ियों एवं कोच की यह उपलब्धि जिले के लिए गौरव का विषय है। अलवर जिला मुक्केबाजी संघ की ओर से सभी को श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं।

## सावित्रीबाई फुले को किया नमन





जयपुर टाइम्स

**दूदू(निसं)।** कस्बा स्थित माली सैनी समाज मंदिर में महात्मा ज्योतिबा फुले व सावित्रीबाई फुले माली सैनी सैनिक क्षत्रीय सामाजिक व शैक्षणिक संस्थान के तत्वाधान में देश की प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले की 195 जयंती मनाई गई। संस्थान प्रवक्ता एडवोकेट कन्हैयालाल माली ने बताया कि इस अवसर पर माता सावित्रीबाई फुले के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। विचार गोष्ठी में विभिन्न वक्ताओं ने सावित्रीबाई की जीवनी पर प्रकाश डाला। इस दौरान संस्थान के अध्यक्ष सत्यनारायण मारोठिया, हनुमान दूध वाला, अरविंद भाटी, राहुल मालाकार, कानाराम बगवाड़, हरिराम महावर, राम अवतार गढ़वाल,धर्मराज सैनी, कानाराम सैनी सहित समाज बंधु उपस्थित रहे।

## मण्डावा के पूर्व पालिकाध्यक्ष जोशी की पत्नी के निधन पर शोक

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निस)।** पूर्व पालिकाध्यक्ष महावीरप्रसाद जोशी की शतायु पार पत्नी कमलादेवी का निधन गत रात को हुआ। शनिवार को अन्तिम संस्कार किया गया। शव यात्रा में मण्डावा नपा अध्यक्ष नरेश सोनी , पर्यटन विशेषज्ञ मधुसुधन खेमाणी, भाजपा नेता संदीप शर्मा, कैलाश पीपलवा, गोविन्दराम जोशी, पिताम्बर मिश्रा, विष्णु महाराज, विकास, विशाल, आकाश, रक्षन्त व शुभम जोशी सहित सैकड़ो लोग शामिल हुए। आरम्भ में उनके पुत्र रमेश जोशी, पूर्व पार्षद मोतीलाल जोशी, माणकचन्द व विनोद आदि ने चिता को मुखाग्नि दी।

## भेरुजी मंदिर में पौष बड़ा महोत्सव, सुख-समृद्धि की कामना

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** चन्द्रलोक स्ट्रीट स्थित भेरुजी मंदिर में शनिवार को पौष बड़ा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। पण्डित वैद्य पवन शर्मा ने बाबा भेरुजी की विधिवत पूजा-अर्चना कर पौषबड़ा का भोग लगाया और उपस्थित भक्तों को प्रसाद वितरित किया। महोत्सव के लिए सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं और व्यापारियों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। पौषबड़ा प्रसादी का वितरण पूरे दिन जारी रहा, जिसमें मैन बाजार और आसपास के क्षेत्रों से आए सैकड़ों लोगों ने हिस्सा लिया।बमण्डावा नपा की वरिष्ठ पार्षद सपना शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि ऐसे धार्मिक और सामाजिक आयोजन समाज तथा व्यापारियों के बीच आपसी भाईचारा, सहयोग और सद्भाव को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने कहा कि पौष बड़ा महोत्सव हमारी धार्मिक परंपराओं का अभिन्न अंग है, जो समाज को एकजुट करता है और नई पीढ़ी को संस्कृति से जोड़ता है। पूरे महोत्सव के दौरान भक्तिमय माहौल बना रहा। श्रद्धालुओं ने मंदिर में दर्शन कर बाबा भेरुजी से सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में भाजपा नेता संदीप शर्मा, साधना मिश्रा, रविन्द्र शर्मा, सुभाष हेमाणी, मनमोहन खाण्डल, एसपी लाहोरा, प्रभू दयाल शर्मा, पवन शर्मा, मुकेश, महेश, योगेश, श्यामसुंदर, उपेंद्र, मनोज, श्याम सुंदर, दीनदयाल, गोविंद, सुरेश, अनिल, नवीन सहित मैन बाजार के कई व्यापारी और समाज के व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी के सहयोग से यह महोत्सव शांतिपूर्ण और धार्मिक वातावरण में संपन्न हुआ।



### नाम परिवर्तन

मैंने अपना नाम मो वासिद से बदलकर मो वासिद चौहान (MO VASID CHOUHAN) रख लिया है। अतः भविष्य में मुझे मो वासिद चौहान (MO VASID CHOUHAN) के नाम से ही जाना, पहचाना व पुकारा जावे। मो वासिद चौहान (MO VASID CHOUHAN) पुत्र अब्दुल खालिद, गांधी बस्ती, वार्ड न. 1, सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान

### नाम परिवर्तन सूचना

मेरे सभी दस्तावेजों में मेरा नाम रूपेश चौहान है जो की सही है। जबकि मेरे पासपोर्ट संख्या Y9925526 है जिसमें मेरा नाम रूपेश है जो कि गलत है। मेरे पासपोर्ट में मेरा पूरा सही नाम रूपेश चौहान करवाना चाहता हूं। भविष्य में मुझे मेरे सही नाम रूपेश चौहान के नाम से जाना व पहचाना जावे।

**रूपेश चौहान पुत्र श्री मोहन लाल जाति खटीक, निवासी खटीको का मोहल्ला, वार्ड नंबर 35 चूरू तहसील व जिला- चूरू (राज.)**

### नाम परिवर्तन सूचना

मेरे सभी दस्तावेजों में मेरा नाम गोरधन सांखला है जो की सही है। जबकि मेरे पासपोर्ट संख्या R1016012 जारी है जिसमें मेरा नाम गोरधन है जो कि गलत है। मेरे पासपोर्ट में मेरा पूरा सही नाम गोरधन सांखला करवाना चाहता हूं। भविष्य में मुझे मेरे सही नाम गोरधन सांखला के नाम से जाना व पहचाना जावे।

**गोरधन सांखला पुत्र श्री लूणा राम जाति खटीक, निवासी सुनारों की बाड़ी प्रतिभा नगर, वार्ड नंबर 40 चूरू, तहसील व जिला- चूरू (राज.)**

### नववर्ष पर सेवा और राष्ट्रभक्ति का संगम

# युवा ब्राह्मण सभा ने जरूरतमंदों संग मनाया 2026 का आगाज़, 551 कंबल वितरित

जयपुर टाइम्स






**अलवर(निसं.)।** युवा ब्राह्मण सभा परिवार द्वारा 'परिप्राण - एक पहल' कार्यक्रम के तहत अंग्रेजी नववर्ष 2026 सेवा भाव के साथ जरूरतमंदों एवं अनाथ बच्चों के बीच मनाया गया। विगत 11 वर्षों से निरंतर आयोजित हो रहा यह कार्यक्रम फिजूलखर्ची रोककर समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सहायता पहुँचाने का संदेश देता है। इस वर्ष का सेवा अभियान राष्ट्र के वीर शहीदों को समर्पित करते हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' थीम पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान परशुराम जी की पूजा-अर्चना के साथ राजस्थान सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा के प्रतिनिधि मनोज शर्मा द्वारा पाँच जरूरतमंद बालिकाओं के साथ किया गया। सभा के अध्यक्ष आकाश मिश्रा ने बताया कि जहाँ अधिकांश लोग नववर्ष को उत्सव के रूप में मनाते हैं, वहीं संगठन के युवा कार्यकर्ता जरूरतमंदों को ठंड से राहत देकर भारतीय संस्कृति एवं सेवा परंपरा को जीवंत रखते हैं। इस वर्ष 150 से अधिक भामाशाहों के सहयोग से लगभग 1 लाख रुपये की सेवा सामग्री एकत्र कर वितरित की गई। दो दिवसीय अभियान के दौरान 25 वाहनों के माध्यम से शहरभर में सेवा कार्य किया गया। इसमें 551 कंबल, 150 गर्म शॉल एवं 100 बच्चों को चरण पादुका प्रदान की गई। कच्ची बस्तियों, अनाथालयों, रैन बसेरों, महिला एवं सामान्य चिकित्सालयों, बस स्टैंड तथा रेलवे स्टेशन पर जरूरतमंदों को गर्म वस्त्र व मिठाई वितरित की गई। कार्यक्रम के दौरान देशभक्ति गीतों के साथ भगवान श्रीराम, भगवान परशुराम एवं भारत माता के जयघोष गूंजते रहे। सेवा अभियान का समापन मध्य रात्रि त्रिपोलिया महादेव मंदिर में प्रदेश व जिले की खुशहाली की कामना के साथ पूजा-अर्चना द्वारा किया गया, जहाँ त्रिपोलिया महंत जितेंद्र खेड़ापति ने युवा कार्यकर्ताओं का दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया। कार्यक्रम संयोजक राजेंद्र शर्मा, नितेश शर्मा एवं विशाल शर्मा ने बताया कि इस सेवा अभियान में विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं शैक्षणिक संगठनों सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों एवं युवाओं ने सहभागिता रही।

## माता सावित्रीबाई फुले जयंती 'प्रेरणा दिवस' के रूप में मनाई

### नारी शिक्षा व सामाजिक सुधार पर विचार, कन्या महाविद्यालय नामकरण की उठी मांग

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** अलवर जिला सैनी महासभा (रजि.) के तत्वावधान में भारतवर्ष की प्रथम महिला शिक्षिका एवं महान समाज सुधारिका माता सावित्रीबाई फुले की 195वीं जयंती काशीराम का चौराहा स्थित सैनी समाज सभा भवन परिसर में 'प्रेरणा दिवस' के रूप में श्रद्धा व सम्मान के साथ मनाई गई। जिला प्रवक्ता जितेन्द्र खुराडिया ने बताया कि कार्यक्रम की मुख्य वक्ता शिक्षिका कुसुमलता सैनी रहीं, जबकि अध्यक्षता पूर्व चेयरमैन एवं महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष कमलेश सैनी ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ माता सावित्रीबाई फुले के चित्र पर माल्यार्पण, पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इसके पश्चात 'माता सावित्रीबाई फुले के जीवन आदर्श एवं 21वीं सदी में महिला सशक्तिकरण' विषय पर विचार गोष्ठी आयोजित हुई। विचार गोष्ठी में महिला शिक्षिका पुष्पप्रिया सैनी, प्रधानाचार्य दशरथ सिंह सैनी, पूर्व प्रधानाचार्य लक्ष्मण सिंह सैनी, दलित नेता सुरजमल कर्दम सहित वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही समाज में व्याप्त कुरीतियों और रूढ़िवादी प्रथाओं को समाप्त किया जा सकता है। सावित्रीबाई फुले के प्रयासों से महिलाओं, दलितों और पिछड़े वर्गों को शिक्षा, समानता एवं सम्मान का मार्ग मिला। कार्यक्रम के पश्चात अलवर शहर के पटरी पार क्षेत्र में घोषित राजकीय कन्या महाविद्यालय का नामकरण 'माता सावित्रीबाई फुले कन्या महाविद्यालय' करने की मांग को लेकर अलवर जिला सैनी महासभा अध्यक्ष पूरणमल सैनी के नेतृत्व में केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। केन्द्रीय मंत्री ने समाज की मांग को गंभीरता से सुनते हुए उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस अवसर पर पूर्व महामंत्री लक्ष्मण सिंह सैनी, खेलकूद प्रकोष्ठ अध्यक्ष के. उमरावलाल सैनी, उपाध्यक्ष रोशनलाल सैनी, सामूहिक विवाह प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष रूपकिशोर सैनी, एडवोकेट शकुन्तला सैनी, युवा शहर अध्यक्ष हेमन्त सैनी सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

## प्रधान कोटे से 6 लाख की लागत से निर्मित सीसी सड़क का लोकार्पण, ग्रामीणों में उत्साह

### ग्रामीण विकास ही बहरोड प्रधान की पहचान - यादव

जयपुर टाइम्स



**बहरोड़(निसं.)।** पंचायत समिति बहरोड़ के ग्राम अजमेरीपुर में मातादीन थानेदार के घर से होली टीबा तक प्रधान कोटे से 6 लाख की लागत से निर्मित सीसी सड़क का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सरोज बस्तीराम यादव, प्रधान पंचायत समिति बहरोड़ रहीं, जबकि अध्यक्षता सुरेखा मनोज, सरपंच ग्राम पंचायत करोडा ने की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता बस्तीराम यादव (एडवोकेट) ने नववर्ष एवं पौषबड़ा पूर्णिमा के अवसर पर ग्रामवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पंचायत समिति बहरोड़ में कराए गए विकास कार्य ही प्रधान की पहचान हैं। उन्होंने सांसद द्वारा कोटपूतली-बहरोड़ जिले को ईआरसीपी योजना में शामिल कराए जाने को ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। उन्होंने बताया कि जिले में 109 ई-लाइब्रेरियों की स्थापना से विद्यार्थियों को अध्ययन की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हुई हैं। वहीं सांसद खेल उत्सव के माध्यम से अलवर जिले के हजारों युवाओं को खेलो इंडिया तक पहुंचने का अवसर मिला है। साथ ही अलवर-बहरोड़-नारनौल स्टेट हाईवे को फोरलेन बनाने की स्वीकृति दिलाने पर सांसद एवं विधायक का आभार व्यक्त किया गया, जिस पर उपस्थित ग्रामीणों ने तालियों से समर्थन जताया। इस अवसर पर सरपंच सोताज सिंह यादव, पूर्व सरपंच जगमाल सिंह गुर्जर, सरपंच सुरेश चंद्र, पंचायत समिति सदस्य वीरेंद्र यादव (भेड़ी), सरपंच कृष्ण मीणा, पार्षद रोहतास मेघवाल, डॉ. जयपाल यादव, रोहतास गुर्जर, सुनील यादव, राजाराम (करोडा), दिनेश मेहरा (प्राचार्य), अग्रसेन (नर्सिंग अधिकारी), छाजूराम मेघवाल, डॉ. बाबूलाल जाट, गोकलचंद मेघवाल, मनोज कुमार मेघवाल (पटवारी) सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं एवं युवा उपस्थित रहे।

## क्रेन, कम्प्रेसर मशीन सहित 6 ट्रैक्टर ट्रॉली मय अवैध पत्थर भरे जब्त, तीन माफिया गिरफ्तार



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान (आईपीएस) के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एडीएफ (बाड़ी) डॉ कमल कुमार व महेन्द्र मीणा वृत्ताधिकारी वृत्त बाड़ी के पर्यवेक्षण में व सदर थानाधिकारी मोहर सिंह मीणा पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अवैध खनन कार्य के खिलाफ कार्यवाही करते हुए नक्सौंदा के जंगल में चोरी छिपे खनन कार्य करते हुए एक हाइड्रा (क्रेन) मशीन, एक ट्रैक्टर मय कम्प्रेसर मशीन व छः ट्रैक्टर ट्रॉली मय अवैध पत्थर (ब्लॉक) भरे हुए को जब्त किया। मौके से तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। 2 जनवरी को थाना बाड़ी सदर पुलिस टीम अवैध खनन कार्य के विरूद्ध बड़ी कार्यवाही करते हुए नक्सोंदा के पास जंगल में चोरी छिपे अवैध पत्थर खनन कार्य करते हुए मौके से एक हाइड्रा (क्रेन) मशीन, एक ट्रैक्टर मय कम्प्रेसर मशीन व छः ट्रैक्टर ट्रॉली मय अवैध पत्थर (ब्लॉक) भरे हुए को जब्त किया गया है। कार्यवाही की भनक लगते ही खनन कार्य कर रहे आरोपी वाहनों को छोड़कर मौके से भागने लगे। जिनमें से तीन अभियुक्त महाराज सिंह पुत्र भवर सिंह मीना उम्र 32 साल निवासी कांकरई थाना आंगई जिला धौलपुर, विजय मीना पुत्र भवर सिंह मीना उम्र 19 साल निवासी कांकरई थाना आंगई जिला धौलपुर श्यामवीर पुत्र रमसई मीना उम्र 45 साल निवासी कांकरई थाना आंगई जिला धौलपुर को गिरफ्तार किया गया और अन्य आरोपी जंगल व खनन क्षेत्र का फायदा उठाकर भाग गए। जिनके विरुद्ध मामला दर्ज कर विधिक कार्यवाही जारी है एवं आरोपियों की तलाश जारी है।

## केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री यादव ने मातृ वन में प्रातः भ्रमण के दौरान आमजन से किया संवाद



### आमजन से संवाद कर जिले के चहुंमुखी विकास के लिए सुझाव

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** केंद्रीय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने अलवर प्रवास के दौरान शनिवार को प्रातः भ्रमण मातृ वन (पुराना भूरा सिद्ध) में किया, इस दौरान सैर पर आये लोगों से उन्होंने जिले के चहुंमुखी विकास पर संवाद किया। केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री यादव ने भ्रमण कर रहे लोगों से संवाद के दौरान उन्होंने नव वर्ष की शुभकामनायें देकर अलवर की खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि अलवर का चहुंमुखी विकास उनकी प्राथमिकता है और इस दिशा में तेजी से कार्य किए जा रहा है। उन्होंने मातृ वन के सुव्यवस्थित विकास के लिए वन विभाग के अधिकारियों को प्रस्ताव तैयार कर कार्य करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि पौधों की नियमित देखभाल की जाए। साथ ही मृत पौधों के स्थान पर नए पौधे लगाए जाएं। उन्होंने कहा कि अलवर का सांसद होने के नाते आमजन की भावना के अनुरूप अलवर जिले को आगे बढाने के साथ-साथ विकास कार्यों को और गति देने काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले की समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण भी किया जाएगा। इस दौरान केंद्रीय वन मंत्री श्री यादव ने आमजन ने संवाद कर अलवर के चहुंमुखी विकास हेतु सुझाव लेकर कहा कि आमजन द्वारा दिए गए सुझावों पर सकारात्मक रूप से विचार किया जाएगा। इस दौरान जिला प्रमुख बलबीर छिलर, सीसीएफ सरिस्का संग्राम सिंह कटिहार, डीएफओ अलवर राजेंद्र हुड्डा, डीएफओ सरिस्का अभिमन्यु साहरण, उमरैण प्रधान दौलत राम जाटव, पूर्व विधायक बनवारी लाल सिंघल, पूर्व महापौर घनश्याम गुर्जर, जितेन्द्र राठौड़, सुमन चौधरी, ऋषिराज शर्मा, निलेश खंडेलवाल, विवेक प्रधान, प्रेम पटेल, राजेंद्र कसाना, नरेश धानावत सहित प्रबुद्ध व्यक्ति एवं आमजन मौजूद रहे।

## केंद्रीय वन मंत्री यादव ने जनसुनवाई कर आमजन की परिवेदनाओं को सुना

### अधिकारियों को परिवेदनाओं के त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

### जनसुनवाई में 586 फरियादियों ने अपनी परिवेदनाएं दी

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** केंद्रीय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने शनिवार को हसन खां मेवात नगर स्थित कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान आए फरियादियों को सम्मान बैठाकर उनकी परिवेदनाओं को सुनकर उनके त्वरित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। जनसुनवाई में जिलेभर से आए 586 परिवादियों ने अपनी परिवेदनाएं दी तथा उनके साथ बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे। केंद्रीय वन मंत्री यादव ने नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अलवर के चहुंमुखी विकास के उद्देश्य से साथ जनसुनवाई के माध्यम से आमजन की परिवेदनाओं का त्वरित निराकरण का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उनके कार्यालय में भी फरियादी कभी भी परिवेदनाएं दे सकते हैं, जिन पर सकारात्मक रूप से कार्य होता है। जनसुनवाई में सड़क, बिजली, पेयजल, खेल मैदान, स्थानांतरण, पट्टे, पुलिस आदि की परिवेदनाएं प्रमुख रही, जिस पर केंद्रीय वन मंत्री यादव ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि परिवेदनाओं का गुणवत्ता के साथ त्वरित निराकरण करना सुनिश्चित करें।

### परिवेदनाओं को सुनकर निराकरण का दिलाया विश्वास

केंद्रीय वन मंत्री भूपेंद्र यादव से रामगढ के ग्राम ढाढोली में बीएससी कॉलेज को शुरू कराने के लिए प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात की, जिस पर उन्होंने बीएससी कॉलेज को शीघ्र प्रारम्भ कराने का विश्वास दिलाया। उन्होंने सांसद निधि कोष से खेल मैदान विकसित कराने, चार दीवारी, ओपन जिम ट्रेक आदि कार्य के लिए राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बावद सक्तपुरा में 20 लाख रूपये एवं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पलावा में 10 लाख रूपये की राशि की स्वीकृति प्रदान की। इसी प्रकार ग्राम पलखडी में 5 लाख रूपये की राशि से सैयद बाबा के स्थान से श्मशान घाट तक ग्रेवल सडक बनवाने की स्वीकृति प्रदान की। दिल्ली-मुम्बई हाईवे के शीतल कट से अहीर का तिबारा तक सडक चौडाइकरण के संबंध में मिले प्रतिनिधि मंडल को विश्वास दिलाया कि इस पर सकारात्मक रूप से विचार किया जाएगा। उन्होंने रोटरी क्लब अलवर फोर्ट के प्रतिनिधियों द्वारा महात्मा गांधी गवर्नमेंट स्कूल छतरी स्कूल नयाबास को आइडियल स्कूल बनाने के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इसके विकास में सहयोग किया जाएगा। इस दौरान जिला प्रमुख बलबीर सिंह छिल्लर, पूर्व विधायक रामहेत यादव, राजेन्द्र गंडुरा, सरस डेयरी के चेयरमैन नितिन सांगवान, बन्नाराम मीणा, अरूण जैन, नीलेश खण्डेलवाल सहित प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

## कोऑपरेटिव बैंक का प्रबंधक 30000 रुपए की रिश्वत लेते दबोचा गया

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** एसीबी की टीम ने शनिवार को प्रदेश में एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए अजमेर जिले में भि नाय कोऑपरेटिव बैंक मैनेजर परमेश्वर प्रजापत को30000 रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है एसीबी की इस कार्रवाई के बाद में कॉपरेटिव बैंक में रंगे हाथों गिरफ्तार किया है एसीबी की इस कार्रवाई के बाद में कॉपरेटिव बैंक में तैनात कर्मचारियों में खलबली मच गई एसीबी की टीम गिरफ्तार अभियुक्त परमेश्वर लाल प्रजापत के विभिन्न ठिकानों पर भी सर्च कार्रवाई को अंजाम दे रही है इसके अलावा गिरफ्तार अभियुक्त से बरामद की गई रिश्वत की रकम में किसी अन्य अधिकारी का हिस्सा तो निश्चित नहीं है इस बात की भी जांच पड़ताल की जा रही है इसके अलावा गिरफ्तार अभियुक्त के ऑफिस में मौजूद तमाम तरह की पत्रावलियों डिजिटल डाटा कंप्यूटर डाटा इत्यादि को कब्जे में करके गहनता से जांच पड़ताल की जा रही है अभी हाल ही में प्रबंधक की ओर से जिन-जिन फाइलों का और पत्रावलियों का निपटारा किया गया उनके बारे में भी जांच पड़ताल की जा रही है एंटी करप्शन ब्यूरो से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त परमेश्वर लाल प्रजापत है जो अजमेर जिले भि नाय कॉपरेटिव बैंक के प्रबंधक पद पर नियुक्त है जिसने परिवादी से फसल खराबी की मुआवजा की राशि का भुगतान करने के बदले रिश्वत की डिमांड की थी जिसकी शिकायत परिवादी ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो कार्यालय में दर्ज करवाई ब्यूरो के अधिकारियों ने परिवादी की शिकायत का सत्यापन करवाया जिसमें शिकायत सही पाई गई इसके बाद आरोपी परमेश्वर लाल प्रजापत को रंगे हाथों गिरफ्तार करने के लिए एक रणनीति तैयार की इसी रणनीति के तहत शनिवार को जैसे ही परिवादी ने रिश्वत के 30000 रुपए प्रबंधक परमेश्वर को दिए वैसे ही वहां पहले से तैयार बैठे एसीबी के अधिकारियों ने रिश्वत की रकम के साथ परमेश्वर लाल को मौके पर ही पकड़ लिया ।

## जेल में आजीवन सजा काट रहे कैदी कृष्ण कुमार की मौत, हत्या के आरोप में मिली थी सजा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के भरतपुर जिले में सेवर जेल में हत्या के आरोप में आजीवन सजा काट रहे कैदी कृष्ण कुमार की मौत हो गई कृष्ण कुमार के परिजनों ने जेल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जेल प्रशासन को मौत का जिम्मेदार बताया है सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक बंदी कृष्ण की.लाश को बरामद करके मामले की जांच शुरू करती है पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक कृष्ण कुमार है जिसने वर्ष 2023 में संजय बिहारी की हत्या की थी और कोर्ट ने इस हत्या के मामले में दो महीने पहले कृष्ण कुमार को आजीवन सजा सुनाई थी जिसकी शनिवार को मौत हो गई पुलिस का कहना है कि मृतक की बॉडी का पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है पोस्टमार्टम की रिपोर्ट से ही मौत के कारण का ठीक तरह से खुलासा हो पाएगा फिलहाल कृष्ण कुमार की मौत का कारण बीमारी ही बताया जा रहा है लेकिन कृष्ण कुमार के परिजनों का कहना है कि कृष्ण कुमार की मौत का जिम्मेदार जेल प्रशासन है ।

## थाने में स्वान के आतंक से पुलिस कर्मियों में मचा हड़कंप, दो महिला कांस्टेबल को काट खाया

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** जोधपुर के उदय मंदिर थाने में पोस्टेड पुलिस कर्मियों में उस समय खलबली मच गई जब एक स्वान अचानक थाने में घुस गया और उसने थाने में आतंक मचाते हुए वहां मौजूद दो महिला कांस्टेबल को काट खाया स्वान के आक्रामक तेवर को देखकर पुलिसकर्मी भी घबरा गए और स्वान से बचने के लिए इधर-उधर भागने लगे लेकिन थाने में मौजूद दो महिला कांस्टेबल खुद को स्वान से नहीं बचा पाई और स्वान ने इन दोनों महिला कांस्टेबल को काट खाया जिन्हें उपचार के लिए जोधपुर के जिला सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है जहां पर दोनों महिला कांस्टेबल की हालत खतरे से बाहर है जानकारी के अनुसार गुस्साए स्वान ने काफी देर तक थाने में आतंक मचाया और वह थाने में इधर-उधर भागते हुए थाने में तैनात कर्मचारियों पर हमला बोलने का प्रयास करता रहा जिसकी वजह से थाने में देना कर्मचारी इधर-उधर अपनी जान बचाने के लिए भागते हुए नजर भी आए क्योंकि स्वान काफी फुर्ती से और बहुत तेज गति से दौड़ते हुए हमला बोल रहा था इसलिए पुलिस कर्मियों को उससे बचने के लिए समय भी नहीं मिला यही वजह रही कि स्वान ने दो महिला कांस्टेबल को काट खाया  बाद में थाने में पोस्टेड पुलिस कर्मियों ने घेराबंदी करके स्वान को काबू में किया और उसे अब जोधपुर नगर निगम को सौंप दिया गया है ।

## प्रदेश भाजपा कार्यालय में कोर कमेटी की बैठक आयोजित : चार केंद्रीय मंत्री भी रहे मौजूद

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान विधानसभा के कांस्टीट्यूशन क्लब में प्रदेश भाजपा संगठन कार्यशाला के समापन के बाद प्रदेश भाजपा कार्यालय में प्रदेश भाजपा कोर कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया यह बैठक पहले कांस्टीट्यूशन क्लब में ही आयोजित होनी थी लेकिन इस बैठक को बाद में प्रदेश भाजपा कार्यालय में ही आयोजित किए जाने का निर्णय लिया गया जानकारी के अनुसार बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ,पूर्व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सतीश पूनिया, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मेघवाल ,गजेंद्र सिंह शेखावत ,भागीरथ चौधरी, अलका गुर्जर सहित कोर कमेटी के एक दर्जन नेता मौजूद रहे जानकारी के अनुसार शनिवार को आयोजित हुई प्रदेश भाजपा कोर कमेटी की बैठक कई मामलों में काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है क्योंकि यह बैठक ऐसे समय में आयोजित हुई जब प्रदेश में भजनलाल सरकार ने अपने 2 साल का कार्यकाल पूरा कर लिया है इसके अलावा प्रदेश में पंचायत और नगर निकाय के चुनाव जल्दी ही आयोजित होने वाले हैं तो दूसरी तरफ चालू महीने के अंतिम सप्ताह में ही विधानसभा का बजट सत्र भी शुरू होने वाला है ऐसे में पार्टी की कोर कमेटी की बैठक में कई विषयों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई जिसमें बजट पार्टी के संगठन से जुड़ी गतिविधियां नगर निकाय और पंचायत राज चुनाव सत्ता और संगठन के बीच बेहतर समन्वय और तालमेल प्रदेश के विकास से जुड़े विषयों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगामी दौरे बाड़मेर रिफाइनरी का उद्घाटन समारोह इत्यादि विषयों को लेकर बैठक में गंभीरता से चर्चा की गई बैठक में पार्टी के संगठन से जुड़े छोटे-बड़े सभी नेताओं को सरकार में पूरा सम्मान मिले और अधिकारी पार्टी के संगठन से जुड़े सभी छोटे-बड़े नेताओं की शिकायतों का समाधान करें संगठन से जुड़े नेताओं की बातों को अधिकारी इग्नोर ना करें इन सब बातों को लेकर भी विस्तार से चर्चा हुई है तथा आने वाले समय में पार्टी के संगठन को मजबूती और गति देने के लिए और क्या-क्या किया जाना चाहिए किस तरह से प्रदेश की जनता में भाजपा के प्रति भरोसा और विश्वास को और मजबूत कैसे किया जाए जैसे विषय पर भी सामूहिक चर्चा की गई ।

# सनसिटी में दिनदहाड़े फायरिंग से लोगों में दहशत

## एक जना घायल

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** नए साल का जश्न मनाने के लिए जोधपुर में भी बड़ी संख्या में पर्यटक आए हुए हैं हालांकि कई पर्यटक जोधपुर से जा भी चुके हैं लेकिन अब भी बहुत से पर्यटक जोधपुर में ठहरे हुए हैं लेकिन शनिवार को दिनदहाड़े जिस तरह से जोधपुर के प्रताप नगर इलाके में हुडको चौराहे पर अंधाधुंध फायरिंग हुई उसकी वजह से क्षेत्र के लोगों में दहशत छाई हुई है क्षेत्र के लोग आकर्षित भी हैं और इस फायरिंग से गोली लगने से आकाश नाम का युवक घायल हुआ है जिसे उपचार के लिए जिला सरकारी अस्पताल में एडमिट करवाया गया है जहां उसकी हालत खतरे से बाहर है फायरिंग करने वाले कौन थे और उन्होंने यहां अंधाधुंध




फायरिंग क्यों की इन सवालों के जवाब खबर लिखे जाने तक पुलिस के पास में नहीं थे हालांकि पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं घटनास्थल का गहनता से मुआयना भी किया है घटनास्थल से आवश्यक तथ्य और सबूत भी जुटाए गए हैं एफएसएल की टीम को भी बुलाया गया है लेकिन बड़ी संख्या में जोधपुर में देश और विदेश के पर्यटकों की मौजूदगी के बीच में यह फायरिंग की घटना कहीं ना कहीं पुलिस और जिला प्रशासन की कार्यशैली और व्यवस्थाओं पर उंगली जरूर उठा रही है दिनदहाड़े अंधाधुंध फायरिंग से आकाश नाम के युवक के पांव में गोली लगी है क्या फायर करने वाले लोगों के निशाने पर आकाश था या फिर फायरिंग करने वाले वालों का मकसद सिर्फ दहशत फैलाना था पुलिस इन सभी सवालों के जवाब ढूंढने का प्रयास कर रही है पुलिस घायल आकाश से भी आवश्यक पूछताछ कर रही है पुलिस को संदेह है कि कहीं आकाश की किसी से दुश्मनी तो नहीं थी इसलिए आकाश और उसके परिजनों से भी पूछताछ करके फायर करने वाले लोगों तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है जानकार लोगों का कहना है कि पिछले कुछ महीनो से जोधपुर में गंभीर अपराधों की घटनाओं में तेजी से इजाफा हो रहा है कई ऐसी घटनाएं हुई हैं जिनकी वजह से जोधपुर पुलिस की कार्यशैली पर जोधपुर के लोग सवाल भी खड़े कर रहे हैं बड़ी बात यह है कि नए साल के जश्न मनाने के लिए देश और विदेश के पर्यटक बड़ी संख्या में जोधपुर में अब भी रुके हुए हैं ऐसी अवस्था में जोधपुर में इस तरह की दिनदहाड़े फायरिंग की घटना होना कहीं ना कहीं जोधपुर शहर के पर्यटन क्षेत्र के लिए उचित नहीं मानी जा सकती क्योंकि जोधपुर पर्यटन के मामले में जयपुर की तरह विश्व भर में पॉपुलर है और यहां बड़ी संख्या में पर्यटक साल भर घूमने आते रहते हैं ऐसे में अगर पर्यटक यहां पर दिनदहाड़े अपनी आंखों से फायरिंग की घटना को देखेगा तो फिर निश्चित रूप से यहां पर्यटक आने के लिए तैयार नहीं होंगे इसलिए जिला प्रशासन और पुलिस को इस दिशा में आगे सख्त कदम उठाने होंगे ताकि इस तरह की घटना फिर से जोधपुर शहर में नहीं हो ।

## कांस्टेबल ने सर्विस रिवॉल्वर से खुद को गोली मारकर आत्महत्या की, जैसलमेर पुलिस लाइन में शोक की लहर

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में जैसलमेर में पुलिस लाइन में शनिवार को सुबह राजस्थान पुलिस के कांस्टेबल ने सर्विस रिवॉल्वर से खुद को गोली मार कर आत्महत्या कर ली मृतक कांस्टेबल नरेंद्र मीणा है जो सवाई माधोपुर का रहने वाला है और उसकी वीवीआईपी सुरक्षा में ड्यूटी लगी हुई थी जैसलमेर पुलिस लाइन में सरकारी क्वार्टर में रहता था पुलिस ने मृतक कांस्टेबल नरेंद्र मीणा की लाश को जप्त कर लिया है मौके पर एफएसएल की टीम को भी बुलाया गया है घटनास्थल से आवश्यक तथ्य और सुराग संकलित किए गए हैं तथा मृतक के परिजनों को भी सूचित कर दिया गया है मौके पर किसी भी तरह का कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है इसलिए नरेंद्र ने किस वजह से आत्महत्या की यह सवाल हर किसी के लिए अबूझ पहेली बना हुआ है जानकारी के अनुसार मृतक कांस्टेबल नरेंद्र मीणा जैसलमेर की पुलिस लाइन के सरकारी क्वार्टर में रहता था शनिवार की सुबह काफी देर तक वह क्वार्टर से बाहर नहीं निकला तो उसके साथ रहने वाले पुलिस कर्मियों को संदेह हुआ क्वार्टर का दरवाजा अंदर से बंद था इसलिए दरवाजे को बार-बार खटकाया गया लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं आया इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई पुलिस दरवाजा तोड़कर क्वार्टर के अंदर दाखिल हुई तो नरेंद्र की खून से सनी हुई लाश फर्श पर पड़ी हुई थी और उसकी सर्विस रिवाल्वर भी वहीं पर पड़ी मिली पुलिस का कहना है कि मामला पूरी तरह से आत्महत्या का है लेकिन



किस वजह से नरेंद्र ने आत्महत्या की है पुलिस मामले की तहत तक जाने का प्रयास कर रही है नरेंद्र ने पारिवारिक कारण की वजह से मौत को गले लगाया या फिर नौकरी की वजह से मानसिक अवसाद में था या फिर उसकी आत्महत्या का कोई और कारण है अभी इन सवालों के जवाब पुलिस को हासिल करने हैं पुलिस मृतक के परिजनों से भी आवश्यक पूछताछ करेगी पुलिस की पूछताछ में सामने आया है कि कुछ दिन पहले ही मृतक का परिवार सवाई माधोपुर चला गया था और नरेंद्र अकेला सरकारी क्वार्टर में रह रहा था नरेंद्र की मौत के बाद शनिवार को जैसलमेर पुलिस लाइन में रहने वाले सभी पुलिसकर्मियों के चेहरों परउदासी देखने को मिली और पुलिस कर्मियों ने सुबह का खाना भी नहीं खाया ।

## मनरेगा को लेकर पूरे प्रदेश में कांग्रेस पार्टी जोरदार आंदोलन शुरू करेगी: डोटासरा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा है कि मनरेगा को लेकर पूरे प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की ओर से जोरदार आंदोलन शुरू किया जाएगा उन्होंने कहा कि मनरेगा को लेकर कांग्रेस पार्टी राजस्थान में ही नहीं बल्कि पूरे देश में एक बड़ा आंदोलन शुरू करने जा रही है इस आंदोलन के माध्यम से कांग्रेस पार्टी केंद्र सरकार से मनरेगा को लेकर एक नया कानून बनाने की मांग करेगी उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने सिर्फ अपनी मर्जी से अपने विवेक के आधार पर बिना किसी से सलाह लिए मनरेगा को काफी कमजोर कर दिया है जिसकी वजह से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों का जीवन अब काफी संकट में हो गया है क्योंकि मनरेगा के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के लोग अपनी रोजी-रोटी का जुगाड़ कर लेते थे लेकिन केंद्र की मोदी सरकार ने इस योजना को काफी कमजोर कर दिया है जिससे यह योजना अब पहले की तरह ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को फायदा नहीं पहुंच पाएगी इसीलिए कांग्रेस पार्टी इस योजनाओं को लेकर पूरे देश में आंदोलन करेगी और राजस्थान में भी कांग्रेस पार्टी जोर-शोर से आंदोलन करने जा रही है उन्होंने कहा कि अरावली पर्वतमाला के संरक्षण और विस्तार को लेकर भी कांग्रेस पार्टी का आंदोलन अभी खत्म नहीं हुआ है कांग्रेस पार्टी अपने पुराने स्टैंड पर कायम है पत्रकारों से बातचीत के दौरान गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार जानबूझकर पंचायत राज और नगर निकाय के




चुनाव आयोजित नहीं करवा रही सरकार जानबूझकर सुनियोजित रणनीति के तहत चुनाव को आगे खिसकती जा रही है जो स्वस्थ लोकतंत्र और संविधान के लिए उचित नहीं है उन्होंने कहा कि केंद्र में मोदी सरकार और प्रदेश में भजनलाल सरकार संविधान और लोकतंत्र पर कैंची चला रही है लेकिन कांग्रेस पार्टी देश के संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए अपनी जान की बाजी लगा देगी उन्होंने कहा कि जिस तरह से किसान बिलों को लेकर कांग्रेस पार्टी ने आंदोलनकारी किसानों का समर्थन किया और प्रभावी आंदोलन करके केंद्र की मोदी सरकार को किसान बिल वापस लेने के लिए मजबूर किया ठीक उसी तरह से अब मनरेगा को लेकर कांग्रेस पार्टी बड़ा और प्रभावी आंदोलन शुरू करेगी उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी वोट चोरी मुद्दे को लेकर भी अटल है इसलिए कांग्रेसपार्टी अब सरकार को चैन से नहीं बैठने देगी और जनहित के मुद्दों को लेकर लगातार सरकार को घेरती रहेगी ।

## अंबेडकर पीठ को समाप्त करने पर जूली ने जताया ऐतराज, राज्यपाल और मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप करने की की मांग

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने राजस्थान यूनिवर्सिटी में अंबेडकर पीठ को समाप्त करने पर गहरा एतराज जताया है और कहां है कि पहले महात्मा ज्योतिबा फुले का पाठ्यक्रम से पाठ हटाया गया और अब जिस तरह से राजस्थान की सबसे बड़ी राजस्थान यूनिवर्सिटी में अंबेडकर पीठ को समाप्त किया गया है इससे सरकार का दलित विरोधी चेहरा सामने आया है जूली ने इस मामले में राज्यपाल और मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप करने की पुरजोर मांग की है और कहा है कि कांग्रेस पार्टी दलित के खिलाफ अन्याय को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करेगी प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने कहा है कि यह कैसे हो सकता है कि राजस्थान विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर को विश्वविद्यालय से अंबेडकर पीठ समाप्त करने की जानकारी ही नहीं हो टीकाराम जूली ने कहा है कि यह महज संयोग नहीं है बल्कि ऐसा लगता है जानबूझकर दलित महापुरुषों के विचारों को दबाने का प्रयास किया गया है उन्होंने कहा कि अंबेडकर पीठ एक शोध का केंद्र है लेकिन उसे कबाड़खाना बना दिया गया है उन्होंने कहा कि राज्यपाल और मुख्यमंत्री को इस पूरे मामले में उच्च स्तरीय जांच करवानी चाहिए और दोषी लोगों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए तथा अंबेडकर पीठ को व्यवस्थित तरीके से संचालित किया जाए जूली ने कहा कि प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री दलित समुदाय से ताल्लुक रखते हैं इसके बावजूद पहले महात्मा ज्योतिबा फुले का पाठ्यक्रम से पाठ हटाया गया और अब राजस्थान यूनिवर्सिटी से अंबेडकर पीठ को समाप्त किया गया जो सरकार की दलित विरोधी नीति को दर्शाता है जूली ने कहा कि प्रदेश की भजनलाल सरकार भी ठीक उसी तरह से संविधान और लोकतंत्र का दमन कर रही है जिस तरह से केंद्र में मोदी सरकार कर रही है उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में




तानाशाही रवैया ठीक नहीं है लेकिन मोदी सरकार लोकतंत्र और संविधान का लगातार अपमान कर रही हैं हिटलर जैसे तानाशाही रवैया अपना कर सरकार देश के गरीब मजदूर किसान वंचित और दलित लोगों के साथ ना इंसाफी कर रही है मनरेगा को कमजोर करके ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों के जीवन को मुश्किल बना दिया है उन्होंने कहा कि मनरेगा के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के लोग 2 जून की रोटी का प्रबंध कर लिया करते थे स्थानीय स्तर पर उन्हें रोजगार मिल जाया करता था लेकिन केंद्र की मोदी सरकार ने अब ग्रामीण क्षेत्र के गरीब लोगों का निवाला भी छीन लिया है उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी सरकार के इस तानाशाही रवैया को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेगी और मनरेगा को लेकर कांग्रेस पार्टी आंदोलन भी शुरू कर रही है ।

## गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह खेड़ली थाने में अचानक पहुंचे, अधिकारियों कर्मचारियों में मचा हड़कंप

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह शनिवार को अचानक अलवर जिले के खेडली पुलिस स्टेशन में निरीक्षण के लिए पहुंचे गृह राज्य मंत्री को अचानक पुलिस स्टेशन में देखकर वहां मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों में खलबली मच गई गृहमंत्री ने पुलिस स्टेशन के सभी विभागों का निरीक्षण किया इस दौरान पुलिस स्टेशन में रसोई , कैदियों को रखे जाने वाले स्थान, रिकॉर्ड रूम, शिकायत पुस्तिका, महिला डेस्क इत्यादि का अवलोकन किया इसके अलावा पुलिस स्टेशन की कार्यशैली के बारे में भी पूछताछ की पुलिस स्टेशन में दर्ज मुकदमोनों की संख्या कितने मुकदमों की जांच पूरी कर दी गई है कितने मुकदमों की जांच पेंडिंग पड़ी है वांटेड अपराधियों की सूची कितने वांटेड अपराधियों को पकड़ा जा चुका है कितने वांटेड अपराधी पकड़े जाने बाकी हैं पुलिस स्टेशन की बीट व्यवस्था तथा सीएलजी मेंबर इन सब के बारे में गृह राज्य मंत्री ने थाने के प्रभारी से विस्तार से सवाल जवाब किया गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह ने पुलिस स्टेशन के निरीक्षण के दौरान क्षेत्र में होटल गेस्ट रूम धर्मशाला मुसाफिरखाना इत्यादि के चेकिंग के बारे में भी जानकारी हासिल की तथा फरियादियों के लिए पुलिस स्टेशन स्तर पर क्या कोई विशेष व्यवस्था की गई है इसके बारे में भी सवाल जवाब किया तथा क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस स्टेशन स्तर पर किस तरह के प्रयास और किस तरह के नवाचार किया जा रहे हैं इसके बारे में भी गृह राज्य मंत्री ने सवाल जवाब किया गृह राज्य मंत्री ने पुलिस स्टेशन में तैनाद अधिकारियों और कर्मचारियों से उनकी समस्याओं के बारे में भी पूछा तथा पुलिस स्टेशन में नौकरी और अन्य जरूरी



संसाधनों की आवश्यकताओं के बारे में भी थाना अधिकारी और अन्य कर्मचारियों से जानकारी हासिल की जानकारी के अनुसार गृह राज्य मंत्री ने खेड़ली पुलिस स्टेशन के दौरे की जानकारी ना तो जिला कलेक्टर को दी थी और ना ही जिला पुलिस अधीक्षक को गृह राज्य मंत्री खुद ही अपने स्तर पर अचानक पुलिस स्टेशन का निरीक्षण करने के लिए पहुंचे थे कुछ लोगों का कहना है कि हो सकता है खेडली पुलिस स्टेशन को लेकर किसी तरह की कोई शिकायत गृह राज्य मंत्री को मिली हो जिसके फलस्वरूप हो सकता है गृह राज्य मंत्री थाने में जाकर वास्तविक स्थिति का पता लगाने का प्रयास कर रहे हो या फिर हो सकता है पुलिस स्टेशन की वास्तविक कार्यशैली और पुलिस कर्मियों के व्यवहार का पता लगाने के लिए गृह राज्य मंत्री पुलिस स्टेशन गए हो लेकिन बात कुछ भी हो अगर गृह राज्य मंत्री यहां किसी थाने में जाकर थाने का अचानक निरीक्षण करते हैं तो यह कहीं ना कहीं अच्छी खबर जरूर मानी जा सकती है क्योंकि गृह राज्य मंत्री के इस अचानक पुलिस स्टेशन के निरीक्षण के कार्यक्रम का असर प्रदेश के अन्य थानों में पोस्टेड अधिकारियों और कर्मचारियों पर जरूर पड़ता है इसलिए इस तरह के अचानक निरीक्षण समय-समय पर होते रहने चाहिए ।

# खनन माफिया का आतंक: पुलिस, खनन और राजस्व विभाग की टीमों पर बोलोरो चढ़ाने का प्रयास, भीषण पथराव

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में अवैध खनन करने वालों के हौसले इतने बुलंद है कि वह पुलिस, खान विभाग और राजस्व विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों पर जानलेवा हमला करने से भी नहीं घबराते और निडर होकर अवैध खनन की कार्रवाई को अंजाम दे रहे हैं इसी तरह का ताजा उदाहरण प्रदेश के नागौर जिले के मूंडवा उपखंड के नरवता क्षेत्र में देखने को मिला जहां पर अवैध खनन को मौके पर रोकने गई पुलिस राजस्व और खान विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों पर अवैध खनन करने वाले अपराधियों ने पत्थर फेक कर उन्हें मौके से हटाने का प्रयास किया इतना ही नहीं अवैध खनन करने वालों



ने अवैध खनन को रुकवाने गए अधिकारियों और कर्मचारी पर बोलोरो कैंपर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया करीब 500 मीटर तक बोलोरो कैंपर को अंधाधुंध तरीके से चलाया गया और अधिकारी और कर्मचारियों का पीछा करके उन पर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया गया अधिकारियों और कर्मचारियों ने बड़ी मुश्किल से वहां से दौड़ लगाकर अपनी जान बचाई बाद में मौके पर अतिरिक्त पुलिस जॉब था बुलवाया गया है और मौके से जेसीबी मोटरसाइकिल और अवैध खनन के अन्य उपकरण और यंत्र बरामद किए गए हैं इस प्रकरण में पुलिस ने मौके पर आतंक बचाने वाले अपराधियों को चिन्हित कर लिया गया है पुलिस ने फरार अपराधियों की धर पकड़ के लिए कई टीमों का गठन किया है पुलिस का कहना है कि बहुत जल्दी अपराधियों को पकड़ लिया जाएगा और अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी जानकारी के अनुसार नागौर जिले में अवैध खनन जोर-जोर से जारी है मुंडवा उपखंड में करीब 2500 बीघा क्षेत्र में अवैध खनन की कार्रवाई खनन माफिया की ओर से की जा रही है शुक्रवार को जिला प्रशासन कॉलेज राजस्व विभाग और खान विभाग के अधिकारी जब मूंडवा के भू नरवाता क्षेत्र में पहुंचे तो वहां अवैध खनन कर रहे लोग मौके से फरार हो गए मौके पर तहसीलदार ने वहां पर सीमांकन किया इसके बाद तहसीलदार वहां से चले गए लेकिन पुलिस खान विभाग और राजस्व विभाग के अधिकारी मौके पर मौजूद थे इतने में ही बड़ी संख्या में अवैध खनन करने वाले लोग वहां आ गए और वहां मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों पर पत्थर बरसाने लगे अचानक लोगों की ओर से किए गए हमले से अधिकारी और कर्मचारी खुद को संभाल नहीं पाए इतने में ही एक एक तेज गति से बोलोरो कैंपर वहां आई और उसने वहां मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों पर बोलेरो चढ़ाने का प्रयास किया बोलेरो को तेज गति से अपनी ओर आता देखकर अधिकारी और कर्मचारी अपनी जान बचाने के लिए मौके से भागने लगे जिस पर बोलोरो कैंपर का चालक उनका पीछा करने लगा करीब 500 मीटर तक बोलेरो का चालक अपनी गाड़ी से अधिकारियों और कर्मचारियों का पीछा करता रहा बाद में जैसे तैसे अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपनी जान बचाई और फिर मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल बुलवाया गया पुलिस ने मौके से जेसीबी मोटरसाइकिल और अन्य उपकरण और यंत्र बरामद किए हैं तथा आतंक मचाने वाले लोगों की लिस्ट बना ली गई है उन्हें पकड़ने के लिए कई टीमों का गठन किया गया है ।

## कहानी

### तीन मछलियां

एक नदी के किनारे उसी नदी से जुड़ा एक बड़ा जलाशय था। जलाशय में पानी गहरा होता हैं, इसलिए उसमें काई तथा मछलियों का प्रिय भोजन जलीय सूक्ष्म पौधे उगते हैं। ऐसे स्थान मछलियों को बहुत रास आते हैं। उस जलाशय में भी नदी से बहुत-सी मछलियां आकर रहती थी। अंडे देने के लिए तो सभी मछलियां उस जलाशय में आती थी। वह जलाशय लम्बी घास व झाड़ियों द्वारा घिरा होने के कारण आसानी से नजर नहीं आता था। उसी में तीन मछलियों का झुंड रहता था। उनके स्वभाव भिन्न थे। अन्ना संकट आने के लक्षण मिलते ही संकट टालने का उपाय करने में विश्वास रखती थी। प्रत्यु कहती थी कि संकट आने पर ही उससे बचने का यत्न करो। यद्दी का सोचना था कि संकट को टालने या उससे बचने की बात बेकार हैं करने कराने से कुछ नहीं होता जो किस्मत में लिखा है, वह होकर रहेगा। एक दिन शाम को मछुआरे नदी में मछलियां पकड़कर घर जा रहे थे। बहुत कम मछलियां उनके जालों में फंसी थी। अतः उनके चेहरे उदास थे। तभी उन्हें झाड़ियों के ऊपर मछलीखोर पक्षियों का झुंड जाता दिकाई दिया। सबकी चोंच में मछलियां दबी थी। वे चौंके । एक ने अनुमान लगाया 'दोस्तो! लगता हैं झाड़ियों के पीछे नदी से जुड़ा जलाशय हैं, जहां इतनी सारी मछलियां पल रही हैं। ' मछुआरे पुलकित होकर झाड़ियों में से होकर जलाशय के तट पर आ निकले और ललचाई नजर से मछलियों को देखने लगे।

एक मछुआरा बोला 'अहा! इस जलाशय में तो मछलियां भरी पड़ी हैं। आज तक हमें इसका पता ही नहीं लगा।' 'यहां हमें ढेर सारी मछलियां मिलेंगी।' दूसरा बोला। तीसरे ने कहा 'आज तो शाम घिरने वाली हैं। कल सुबह ही आकर यहां जाल डालेंगे। ' इस प्रकार मछुआरे दूसरे दिन का कार्यक्रम तय करके चले गए। तीनों मछि्लयों ने मछुआरे की बात सुन ली थी। अन्ना मछली ने कहा 'साथियो! तुमने मछुआरे की बात सुन ली। अब हमारा यहां रहना खतरे से खाली नहीं हैं। खतरे की सूचना हमें मिल गई हैं। समय रहते अपनी जान बचाने का उपाय करना चाहिए। मैं तो अभी ही इस जलाशय को छोड़कर नहर के रास्ते नदी में जा रही हूं। उसके बाद मछुआरे सुबह आएं, जाल फेंके, मेरी बला से। तब तक मैं तो बहुत दूर अटखेलियां कर रही होऊंगी।' प्रत्यु मछली बोली 'तुम्हें जाना हैं तो जाओ, मैं तो नहीं आ रही। अभी खतरा आया कहां हैं, जो इतना घबराने की जरुरत है हो सकता है संकट आए ही न। उन मछुआरों का यहां आने का कार्यक्रम रद्द हो सकता है, हो सकता हैं रात को उनके जाल चूहे कुतर जाएं, हो सकता है। उनकी बस्ती में आग लग जाए। भूचाल आकर उनके गांव को नष्ट कर सकता हैं या रात को मूसलाधार वर्षा आ सकती हैं और बाढ में उनका गांव बह सकता हैं। इसलिए उनका आना निश्चित नहीं हैं। जब वह आएंगे, तब की तब सोचेंगे। हो सकता हैं मैं उनके जाल में ही न फंसूं। ' यद्दी ने अपनी भाग्यवादी बात कही 'भागने से कुछ नहीं होने का। मछुआरों को आना हैं तो वह आएंगे। हमें जाल में फंसना हैं तो हम फंसेंगे। किस्मत में मरना ही लिखा हैं तो क्या किया जा सकता हैं? ' इस प्रकार अन्ना तो उसी समय वहां से चली गई। प्रत्यु और यद्दी जलाशय में ही रही। भोर हुई तो मछुआरे अपने जाल को लेकर आए और लगे जलाशय में जाल फेंकने और मछलियां पकड़ने । प्रत्यु ने संकट को आए देखा तो लगी जान बचाने के उपाय सोचने । उसका दिमाग तेजी से काम करने लगा। आस-पास छिपने के लिए कोई खोखली जगह भी नहीं थी। तभी उसे याद आया कि उस जलाशय में काफी दिनों से एक मरे हुए ऊदबिलाव की लाश तैरती रही हैं। वह उसके बचाव के काम आ सकती हैं। जल्दी ही उसे वह लाश मिल गई। लाश सड़ने लगी थी।

# कमजोर कड़ियों से मुक्ति आवश्यक



नए साल में कुछ नई चुनौतियां भी साथ आई हैं। देश और विशेष रूप से प्रधानमंत्री मोदी को इन चुनौतियों का सामना करना है। स्वाभाविक रूप से ऐसी चुनौतियों के कुछ तार कहीं न कहीं पिछले साल से भी जुड़े हुए हैं। अस्थिरता के शिकार वैश्विक ढांचे में डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों ने जो अनिश्चितता बढ़ाई, उससे उपजी चुनौतियों को प्रधानमंत्री मोदी ने कुशलता से संभाला। हालांकि इंडिगो संकट, अरावली खनन, प्रदूषण से कराहती राष्ट्रीय राजधानी के मुद्दे बेहद परेशान करने वाले रहे। दिल्ली हाई कोर्ट द्वारा नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में सजा काट रहे पूर्व विधायक को मिली राहत जैसी घटना भी चौंकाने वाली रही। हालांकि बाद में शीर्ष अदालत ने हाई कोर्ट के फैसले को पलट दिया। गोवा के नाइट क्लब में लगी भीषण आग की घटना में जिंदा जले लोग भी राज्य सरकार की अक्षमता और भ्रष्टाचार के शिकार बने। यह भी एक दुर्योग रहा कि ऐसे सभी मामले साल की अंतिम तिमाही के दौरान सामने आए, जो कहां न कहीं दर्शाता है कि प्रधानमंत्री के पास न केवल केंद्रीय, बल्कि राज्यों के स्तर पर भी सक्षम मंत्रियों एवं नौकरशाहों का अभाव है, जो एक पारदर्शी एवं प्रभावी सरकार की योजनाओं को लागू करने में सहायक बन सकें। इंडिगो प्रकरण की ही बात करें तो विमानन नियामक ने इस कंपनी को ऐसी गुंजाइश ही क्यों दी कि वह बाजार के 65 प्रतिशत हिस्से पर काबिज हो सके। उसे परिचालन विस्तार के लिए ऐसी अनुमति कैसे मिलती गई कि वह नियामक को ही अपनी अंगुलियों पर नचा सके? ऐसे में डीजीसीए के ढांचे और कार्यप्रणाली पर सवाल उठने स्वाभाविक हैं। क्या उसके अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए पर्याप्त रूप से सक्षम हैं या महज उसमें नियुक्ति पाने वाले नौकरशाह ही हैं। दिसंबर की शुरुआत में विमान सेवाओं के एक बड़े हिस्से के करीब-करीब ठप पड़ने के कई सप्ताह बाद भी इन सवालों के जवाब अभी तक नहीं मिल पाए हैं। जहां तक अरावली मुद्दे का सवाल है तो केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय ने इस मामले में नवंबर में आए सुप्रीम कोर्ट के फैसले का बचाव किया। हालांकि बाद में सर्वोच्च न्यायालय ने ही अपने उस फैसले पर स्थगन का निर्णय किया। नवंबर में अदालत ने सरकार द्वारा गठित 'विशेषज्ञ पैनल' द्वारा दी गई एक अजीब परिभाषा को स्वीकार कर लिया था। इसमें अरावली पहाड़ियों को 100 मीटर और उससे अधिक ऊंचाई वाली पहाड़ियों के रूप में श्रेणीबद्ध किया गया था। जहां मंत्रालय ने अपनी तथाकथित 'विशेषज्ञ समिति' की इस राय का जोरदार बचाव किया, वहीं सुप्रीम कोर्ट ने अपने नवीनतम आदेश में इसके विपरीत रुख अपनाया। सरकार की 'विशेषज्ञ समिति' की बात करें तो उसमें अधिकांश सदस्य पर्यावरण विशेषज्ञ न होकर नौकरशाह ही थे। इस मामले को लेकर रुख बदलने में मीडिया के सवालों की अहम भूमिका रही है। मीडिया के माध्यम से ही यह हैरान करने वाली जानकारी भी सामने आई कि नवंबर में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के तुरंत बाद सरकार ने दर्जनों खनन पट्टों को त्वरित गति से स्वीकृति प्रदान की। यदि यह सच है तो एक बड़ी विडंबना को ही दर्शाता है कि खनन माफिया पूरे परिदृश्य को किस हद तक प्रभावित करने की स्थिति में पहुंच गया है। सरकार इस मामले में समय से स्पष्टता नहीं दिखा सकी, जिससे उसकी छवि प्रभावित हुई। यह किसी से छिपा नहीं रह गया है कि राजधानी दिल्ली प्रदूषण के मामले में नए कीर्तिमान बनाती जा रही है, लेकिन पर्यावरण मंत्रालय के पास इस स्थिति को परिवर्तित करने के लिहाज से कुछ उल्लेखनीय नहीं है। बीते साल कुछ दिनों के दौरान एक्यूआइ का आंकड़ा 500 से 1,000 तक पहुंचता दिखा, लेकिन पर्यावरण मंत्रालय ने किसी निदान के बजाय दोषारोपण का सहारा लेने को ही प्राथमिकता दी। कभी पराली को लेकर अंगुली उठाई गई तो कभी आम आदमी पार्टी पर। प्रदूषण से निपटने में किसी कारगर कार्ययोजना के मामले में दिल्ली सरकार भी अकर्मण्य ही नजर आई। इसका ही परिणाम है कि दिल्ली रहने के लिहाज से बेहद खतरनाक शहर बन गया है। लोग असहाय महसूस कर रहे हैं। इससे केंद्र सरकार की छवि को भी नुकसान पहुंच रहा है। गुजरे हुए साल के अंतिम दिनों में उन्नाव दुष्कर्म मामले में सजायाफ्ता पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को दिल्ली हाई कोर्ट से मिली राहत भी चर्चा के केंद्र में रही। सीबीआइ की ओर से पेश हुए सालिसिटर जनरल ने हाई कोर्ट के आदेश पर रोक लगाने की अपील की और सुप्रीम कोर्ट ने उच्च न्यायालय के फैसले को पलट भी दिया। कुछ वर्ष पूर्व यह मामला सामने आने के बाद सेंगर को भाजपा ने निष्कासित कर दिया था, लेकिन बड़ा सवाल यही है कि ऐसे व्यक्ति को पहले-पहल भाजपा में शामिल ही क्यों किया गया? इस पूरे मामले में कई कानूनी सवाल भी उठते हैं, क्योंकि पीड़िता के पिता की हत्या के मामले में भी सेंगर जेल में बंद है। सेंगर पर सख्ती के मामले में भी मीडिया के रुख की अहम भूमिका रही। गोवा का नाइट क्लब भी शासन-प्रशासन के स्तर पर घोर लापरवाही का ज्वलंत उदाहरण रहा।

*इंडिगो प्रकरण की ही बात करें तो विमानन नियामक ने इस कंपनी को ऐसी गुंजाइश ही क्यों दी कि वह बाजार के 65 प्रतिशत हिस्से पर काबिज हो सके। उसे परिचालन विस्तार के लिए ऐसी अनुमति कैसे मिलती गई कि वह नियामक को ही अपनी अंगुलियों पर नचा सके? ऐसे में डीजीसीए के ढांचे और कार्यप्रणाली पर सवाल उठने स्वाभाविक हैं। क्या उसके अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए पर्याप्त रूप से सक्षम हैं या महज उसमें नियुक्ति पाने वाले नौकरशाह ही हैं। दिसंबर की शुरुआत में विमान सेवाओं के एक बड़े हिस्से के करीब-करीब ठप पड़ने के कई सप्ताह बाद भी इन सवालों के जवाब अभी तक नहीं मिल पाए हैं।*

*जहां तक अरावली मुद्दे का सवाल है तो केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय ने इस मामले में नवंबर में आए सुप्रीम कोर्ट के फैसले का बचाव किया। हालांकि बाद में सर्वोच्च न्यायालय ने ही अपने उस फैसले पर स्थगन का निर्णय किया। नवंबर में अदालत ने सरकार द्वारा गठित 'विशेषज्ञ पैनल' द्वारा दी गई एक अजीब परिभाषा को स्वीकार कर लिया था। इसमें अरावली पहाड़ियों को 100 मीटर और उससे अधिक ऊंचाई वाली पहाड़ियों के रूप में श्रेणीबद्ध किया गया था। जहां मंत्रालय ने अपनी तथाकथित 'विशेषज्ञ समिति' की इस राय का जोरदार बचाव किया, वहीं सुप्रीम कोर्ट ने अपने नवीनतम आदेश में इसके विपरीत रुख अपनाया। सरकार की 'विशेषज्ञ समिति' की बात करें तो उसमें अधिकांश सदस्य*

## सम्पादकीय

### कॉलेज में रैगिंग-एक छात्रा, कई आरोपी और एक असफल व्यवस्था




इससे बड़ी विडंबना क्या होगी कि कोई विद्यार्थी अपना भविष्य बेहतर बनाने के सपनों के साथ किसी कालेज में दाखिला ले और वहां परिचय के नाम पर होने वाली प्रताड़ना की वजह से उसकी जान चली जाए। उच्च शिक्षण संस्थानों में किसी भी तरह की रैगिंग के चलन पर पाबंदी है, लेकिन आज भी इसके बहाने अलग-अलग रूप में विद्यार्थियों को जानलेवा शक्ल में प्रताड़ित किए जाने की घटनाएं अक्सर सामने आती रहती हैं। हिमाचल प्रदेश में एक छात्रा के साथ रैगिंग का जैसा मामला सामने आया है, उससे फिर यह सवाल उठा है कि किसी भी रूप में इस चलन का जारी रहना शिक्षा से लेकर समाज तक के कितने हित में है। साथ ही, तमाम सख्ती के बावजूद आज भी इस पर रोक क्यों नहीं लग सकी है? गौरतलब है कि धर्मशाला स्थित एक कालेज की तीन छात्राओं के खिलाफ रैगिंग और मारपीट, जबकि एक प्रोफेसर के विरुद्ध पीड़ित छात्रा के यौन उत्पीड़न के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। दर्ज मामले के मुताबिक, बीते 18 सितंबर को पिटाई और प्रताड़ना की वजह से पीड़ित छात्रा की हालत बिगड़ गई और इलाज के दौरान 26 दिसंबर को उसकी मौत हो गई। इस घटना में शर्मनाक यह भी है कि कालेज के जिस प्राध्यापक को उत्पीड़न की घटना को रोकना चाहिए था, वह खुद भी छात्रा को प्रताड़ित करने में शामिल हो गया। इस घटना में संस्थान भी कठघरे में है, क्योंकि वहां का प्रबंधन रैगिंग के नाम पर होने वाली ऐसी हरकतों पर लगाम लगाने में नाकाम रहा। हिमाचल प्रदेश में यह कोई पहली घटना नहीं है, जिसमें किसी विद्यार्थी को रैगिंग की वजह से जानलेवा हद तक यातना दी गई। करीब डेढ़ दशक पहले राज्य में कांगड़ा के एक कालेज में मेडिकल पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष के छात्र अमन काचरू के साथ वहीं के चार वरिष्ठ छात्रों ने रैगिंग के दौरान मारपीट की थी, जिसके बाद उसकी जान चली गई थी। ऐसी कई घटनाओं के जैसे त्रासद नतीजे सामने आए, उससे एक व्यापक बहस खड़ी हुई कि उच्च शिक्षण संस्थानों में नवागंतुक विद्यार्थियों की रैगिंग को क्यों नहीं तुरंत खत्म किया जाना चाहिए। इसी क्रम में कानून के तहत शिक्षण संस्थानों में रैगिंग पर प्रतिबंध लगाए गए और खुद सुप्रीम कोर्ट ने साफ शब्दों में कहा कि अगर शिक्षण संस्थानों में रैगिंग की किसी भी तरह की कोई घटना होती है, तो इसकी जिम्मेदारी संस्थान के प्रमुख पर होगी। यह समझना मुश्किल है कि कालेज में कुछ वरिष्ठ कहे जाने वाले विद्यार्थियों के भीतर नए विद्यार्थी को किसी भी रूप में प्रताड़ित करने के मानसिक ढांचे के स्रोत क्या हैं! क्या इसके पीछे किसी नवागंतुक विद्यार्थी के मनोबल को तोड़ देने की मंशा काम करती है? आपसी परिचय या सहजता के नाम पर किसी विद्यार्थी को इस हद तक प्रताड़ित करना कि वह उसके लिए जानलेवा साबित हो, क्या एक सामंती कुंठा का परिचायक नहीं है? अगर परिचय के नाम पर यातना देने के चलन को आपस में सहज होने के लिए सिर्फ मनोविनोद के रूप में देखा-जाना जाता है, तो क्या यह एक आपराधिक तरीका नहीं है, जिसमें कालेज में आए एक नए विद्यार्थी के मन पर गहरी चोट पहुंचती है, वह खुद को अपमानित महसूस करता है, उसकी पढ़ाई बाधित हो सकती है?

# पूर्वोत्तर भारत की पीड़ा समझें

त्रिपुरा के छात्र एंजेल चकमा की देहरादून में कुछ गुंडों के हमले में मौत की हृदयद्रावक घटना की पूरे देश में तीव्र प्रतिक्रिया हुई है। पूर्वोत्तर के सामाजिक संगठन, नेता इस घटना से काफी रोष में हैं। इस समय मैं त्रिपुरा की राजधानी अगरतला में ही हूं, क्योंकि मुझे एंजेल चकमा के स्वजनों से मिलना है। इस घटना ने कुछ प्रश्न खड़े किए हैं।

कुछ लोग इस घटना पर गिद्ध राजनीति कर दुर्भाग्यपूर्ण शोकांतिका का असम एवं अन्य क्षेत्रों में आसन्न चुनावों के लिए जिस प्रकार उपयोग कर रहे हैं, उससे समाज में विष बढ़ने का भय है। मृतक चकमा समाज का होनहार युवक था। चकमा मूलतः चटगांव निवासी, बौद्ध मतावलंबी एवं शांतिप्रिय लोग हैं। पंडित नेहरू की दुर्नीति के कारण चटगांव को गैर-मुस्लिम, हिंदू, बौद्ध बहुल होते हुए भी पूर्वी पाकिस्तान यानी आज के बांग्लादेश में जाने दिया गया। तब हजारों चकमाओं का नरसंहार हुआ।

उन्हें शरण के लिए भारत आना पड़ा, लेकिन भारत के ईसाई बहुल पूर्वोत्तर राज्यों ने उन्हें अस्वीकार कर दिया। मिजोरम के ईसाई छात्र संगठनों ने 1990 के दशक में चकमाओं के घर जलाए और उन्हें त्रिपुरा सीमा के पार धकेल दिया। तब चकमाओं को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने सैकड़ों ट्रक राहत सामग्री भेजी थी। आज जो लोग एंजेल चकमा की हत्या को राजनीतिक रूप दे रहे हैं, उन्होंने कभी चकमाओं की विपत्ति समय में सहायता नहीं की। चकमा लोग पूरे भारत में मात्र साढ़े पांच लाख हैं और मुख्यतः मिजोरम, असम, मेघालय, अरुणाचल, त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल में रह रहे हैं। जहां वे ईसाई बहुल राज्यों में हैं, वहां उनके साथ भेदभाव होता है। उनके क्षेत्रों में सड़कें नहीं, स्कूलों में अध्यापक नहीं हैं। चकमा गांवों के नाम भी बदले गए हैं। इसलिए वे शिक्षा हेतु अपने बच्चे देहरादून, दिल्ली, बेंगलुरु आदि भेजने पर विवश होते हैं। पूर्वोत्तर




भारत का सबसे मनोरम, प्राकृतिक सुषमा से युक्त वीरों और प्रज्ञावान युवाओं का क्षेत्र है, जिसको राममनोहर लोहिया ने यक्ष प्रदेश कहा था। आठ प्रदेशों की पांच हजार किमी सीमाएं चीन, तिब्बत, म्यांमार, बांग्लादेश, भूटान और नेपाल से मिलती हैं। सर्वाधिक संख्या में प्रतिबंधित संगठन पूर्वोत्तर राज्यों में सक्रिय हैं। मोदी शासन आने से पूर्व यहां असम के अलावा अन्य राज्यों में रेल, हवाई अड्डे नामालूम थे। 2024-25 के बजट में पूर्वोत्तर विकास मंत्रालय का बजट 74.4 प्रतिशत बढ़ाया गया। 2014-15 की तुलना में मोदी शासन में पूर्वोत्तर के लिए कुल बजट 179 प्रतिशत बढ़ाया गया।

हवाई अड्डे, राजमार्ग, ईटानगर-दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस, बेहतर शिक्षा एवं खेल सुविधाएं, इन सबका अनंत और असीम विस्तार हुआ है, पर इससे भारत के शत्रु तत्व और बौखला गए हैं। पूर्वोत्तर को भारत से अलग करने की षड्यंत्रकारी योजनाएं ब्रिटिश काल में क्राउन कालोनी के नाम से चलीं। ब्रिटिश काल में ही सादुल्लाह के नेतृत्व में असम की मुस्लिम लीग ने अपील जारी कर युवकों से ज्यादा बच्चे पैदा करने और असम में ज्यादा मुस्लिम भेजने का अभियान चलाया। असम तथा पूर्वोत्तर भारत पूर्वी पाकिस्तान का हिस्सा बने, इसका षड्यंत्र रचा गया।

एंजेल चकमा का परिवार एक देशभक्त और बौद्ध मतावलंबी है। वातावरण के कारण वहां कुछ परिवारों में पश्चिमी नाम रखने का अजीब फैशन है। इसलिए माइकल या एंजेल नाम सुनने में आते हैं। यह समय हर परिस्थिति में पूर्वोत्तर के युवाओं के साथ खड़े होने का है और उन्हें अपनेपन का अहसास कराना राष्ट्रीय कर्तव्य होना चाहिए।

*पूर्वोत्तर भारत का सबसे मनोरम, प्राकृतिक सुषमा से युक्त वीरों और प्रज्ञावान युवाओं का क्षेत्र है, जिसको राममनोहर लोहिया ने यक्ष प्रदेश कहा था। आठ प्रदेशों की पांच हजार किमी सीमाएं चीन, तिब्बत, म्यांमार, बांग्लादेश, भूटान और नेपाल से मिलती हैं। सर्वाधिक संख्या में प्रतिबंधित संगठन पूर्वोत्तर राज्यों में सक्रिय हैं। मोदी शासन आने से पूर्व यहां असम के अलावा अन्य राज्यों में रेल, हवाई अड्डे नामालूम थे। 2024-25 के बजट में पूर्वोत्तर विकास मंत्रालय का बजट 74.4 प्रतिशत बढ़ाया गया। 2014-15 की तुलना में मोदी शासन में पूर्वोत्तर के लिए कुल बजट 179 प्रतिशत बढ़ाया गया। हवाई अड्डे, राजमार्ग, ईटानगर-दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस, बेहतर शिक्षा एवं खेल सुविधाएं, इन सबका अनंत और असीम विस्तार हुआ है, पर इससे भारत के शत्रु तत्व और बौखला गए हैं। पूर्वोत्तर को भारत से अलग करने की षड्यंत्रकारी योजनाएं ब्रिटिश*

# सामाजिक सुरक्षा का सवाल

यह ठीक है कि खाने-पीने की सामग्री के साथ अन्य सामान की डिलीवरी करने वाले अस्थायी कामगारों यानी गिग वर्करों की ओर देश का ध्यान गया, लेकिन ऐसा तब हो पाया, जब विपरीत परिस्थितियों में काम करने वाले इन लोगों को हड़ताल करनी पड़ी। गिग वर्करों की मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार होना चाहिए, क्योंकि उनकी कार्यदशाएं काफी कठोर हैं। आज जब क्विक कामर्स और फूड डिलीवरी कंपनियों का कारोबार बढ़ता जा रहा है, तब उनके लिए काम की बेहतर दशाएं सुनिश्चित की ही जानी चाहिए। यह संतोषजनक तो है कि केंद्र सरकार गिग वर्कर्स के लिए सामाजिक सुरक्षा का एक प्रस्ताव लेकर आई है, लेकिन बात तब




बनेगी, जब इस प्रस्ताव के प्रविधानों को सही तरह लागू करने में सफलता मिलेगी। गिग वर्करों की समस्या यह है कि वे जिन कंपनियों के लिए काम करते हैं, उनके वे कर्मचारी नहीं माने जाते। उनके काम के घंटे भी तय नहीं हैं। वे जितने समय काम करते हैं, उतने ही वक्त का उन्हें पैसा मिलता है। उन्हें कभी भी काम से हटाया जा सकता है। चूंकि उनकी स्थिति असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों जैसी है, इसलिए उनकी कार्यदशाओं पर किसी का ध्यान नहीं है। यदि उनके साथ कुछ अनहोनी जाए तो संबंधित कंपनी की जवाबदेही नहीं होती। यह समझा जाना चाहिए कि गिग वर्कर आधारित उद्योग बेहतर नियमन की मांग कर रहा है। गिग वर्करों की समस्याएं इसलिए और बढ़ गई हैं, क्योंकि दस मिनट में भी सामान की डिलीवरी करने का चलन जोर पकड़ गया है। इस चलन पर फिर से विचार होना चाहिए, क्योंकि इससे गिग वर्करों के साथ दुर्घटनाएं होने का जोखिम बढ़ गया है। कई बार गिग वर्कर शीघ्र सामान पहुंचाने के फेर में ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करते दिखते हैं। निःसंदेह गिग वर्कर बढ़ रहे हैं, लेकिन उन्हें मिलने वाले मेहनताने को आकर्षक नहीं कहा जा सकता। नीति आयोग के अनुसार 2020-21 में जो गिग वर्कर 77 लाख के करीब थे, उनकी संख्या 2029-30 तक 2.35 करोड़ हो जाएगी। ऐसे में सरकार के साथ उन कंपनियों को भी उनकी सुधि लेनी होगी, जिनके लिए वे काम करते हैं। उन्हें केवल सामाजिक सुरक्षा के ही दायरे में नहीं लाया जाना चाहिए, बल्कि ऐसे उपाय भी किए जाने चाहिए, जिससे उनका शोषण न हो सके और वे अपने भरणपोषण लायक आय अर्जित कर सकें।

जयपुर टाइम्स

जयपुर, रविवार
4 जनवरी, 2026

# डोटासरा इधर-उधर उछल कूद कर रहे हैं वे खुद अपना ध्यान रखें मेरी चिंता नहीं करें: मदन राठौड़

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड़ ने प्रदेश भाजपा कार्यशाला के समापन के बाद कांस्टीट्यूशन क्लब में पत्रकारों को संबोधित किया पत्रकारों के गोविंद सिंह डोटासरा की ओर से मदन राठौड़ को लेकर दिए गए बयान के संदर्भ में पूछे सवाल पर मदन राठौड़ ने कहा कि डोटासरा खुद इधर-उधर उछल कूदकर रहे हैं वह खुद अपने परिवार को संभाले उन्हें मेरी चिंता नहीं करनी चाहिए। राठौर ने कहा कि मैं क्या कर रहा हूं और क्या नहीं कर रहा हूं इसकी जानकारी मेरे पार्टी के बड़े नेताओं को है मेरे पार्टी के कार्यकर्ताओं को है डोटासरा को इसकी चिंता नहीं करनी चाहिए । उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों डोटासरा ने



मदन राठौड़ को लेकर कहा था कि मदन राठौड़ कुछ काम नहीं कर रहे सिर्फ पीपड़ी बज रहे हैं जिसके बाद मदन राठौड़ ने शनिवार को डोटासरा पर जवाबी हमला बोला भाजपा की कार्यशाला के बारे में जानकारी देते हुए मदन राठौड़ ने पत्रकारों को बताया कि पार्टी की इस बैठक में इस बात पर चर्चा हुई की पार्टी एक कुटुंब की तरह है और कुटुंब के सदस्यों को जल्दी-जल्दी एक साथ बैठना चाहिए एक साथ भोजन करना चाहिए आपस में विचार शेयर करना चाहिए जिसकी वजह से कुटुंब मजबूत होता है। कुटुंब में प्यार सेवा और एकता का भाव मजबूत होता है इसलिए इस बैठक में चर्चा की गई की पार्टी की इस तरह की बैठक जल्दी-जल्दी होनी चाहिए जिस पार्टी के संगठन को मजबूती मिलेगी और पार्टी जनों में एक जड़ता का भाव और मजबूत हो सकेगा इसके अलावा कार्यशालामें सेवा भाव को लेकर भी चर्चा की गई पार्टी जनों को बताया गया कि मन में सेवा का भाव रखें और चाहे पार्टी के लिए सेवा करने की बात हो या फिर जनता के बीच लोगों की सेवा करने की बात हो प्रत्येक पार्टी के कार्यकर्ता में सेवा भाव बहुत जरूरी है इस सेवा भाव के माध्यम से ही पार्टी का कार्यकर्ता लोगों के दिलों में अपनी एक अलग जगह बना सकता है। इसके अलावा पार्टी के कार्यकर्ताओं को संयम भी रखना चाहिए पार्टी के कार्यकर्ताओं को जल्दी उत्तेजित नहीं होना चाहिए तथा फील्ड में रहने के दौरान भी पार्टी के कार्यकर्ताओं को जल्दी उत्तेजित होने के बजाय संयमित होकर किसी भी मामले को शांतिपूर्वक तरीके से सुलझाने की दिशा में कार्य करना चाहिए मदन राठौड़ ने बताया कि पार्टी की कार्यशाला में हमने इस बात पर भी चर्चा की की कई बार फील्ड में छोटी-छोटी बातों को लेकर लोगों में आपस में झगड़ा हो जाता है इस अवस्था में पार्टी का कार्य करता मौके पर धैर्य और संयम दिखाएं और जो लोग आंदोलन करते हैं उन्हें शांतिपूर्वक तरीके से विश्वास में लेने का प्रयास करें अन्य विषयों पर चर्चा हुई इसके अलावा आगामी पंचायत राज और नगर निकाय चुनाव में पार्टी की तैयारी को लेकर भी चर्चा हुई है उन्होंने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ताओं को पंचायत और नगर निकाय चुनाव की तैयारी में जुट जाने के निर्देश भी दिए गए हैं एक अन्य सवाल के जवाब में मदन राठौड़ ने कहा कि पार्टी के प्रदेश प्रभारी राधा गोविंद अग्रवाल अन्य स्टेट का कार्य भी देख रहे हैं इसलिए वे पहले से व्यस्त थे और उन्होंने पहले ही अपने पूर्व के कार्यक्रम का हवाला देकर कार्यक्रम में नहीं आने की बात कही थी ।

## तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से दंपती व मासूम घायल



जयपुर टाइम्स

**नावांशहर(निस)।** मेगा हाइवे पर राजकीय महाविद्यालय के पास एक सड़क हादसा हो गया। सामने से तेज गति से आ रही बाइक ने दूसरी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार दंपती और उनका मासूम बच्चा घायल हो गया। हादसे में बाइक चालक शंकर लाल पुत्र मोहनलाल (35) निवासी वार्ड नंबर 2 नावा, उनकी पत्नी ममता (30) तथा तीन वर्षीय पुत्र करण सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर 108 एम्बुलेंस पायलट मूलसिंह मौके पर पहुंचे और घायलों को नावा के राजकीय उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने तीनों घायलों का प्राथमिक उपचार कर उन्हें छुट्टी दे दी। घायल शंकर लाल ने बताया कि वे नावा से राजास की ओर जा रहे थे, तभी सामने से तेज रफ्तार में आ रही बाइक, जिस पर दो युवक सवार थे, उन्होंने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद उनकी बाइक असंतुलित होकर सड़क किनारे गड्ढों में जा गिरी, जिससे यह हादसा हुआ।

## बुनियादी चिकित्सा कौशल प्रशिक्षण आयोजित



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार व निदेशक जन स्वास्थ्य चिकित्सा व स्वास्थ्य सेवायें राजस्थान जयपुर के आदेशों की पालना में राज्य के सभी हेल्थ वर्कर व स्कूलों, कॉलेजों में बुनियादी चिकित्सा कौशल देने के लिए शनिवार को जिला चिकित्सालय लक्ष्मणगढ़ में सीपीआर एवं फर्स्ट एड के लिए टीओटी व हैंड्स ऑन ट्रेनिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन इंडियन रिस्यूसीटेशन काउंसिल फेडरेशन के अंतर्गत जैन कॉम्प्रिहेंसिव रिस्यूसीटेशन ट्रेनिंग सेंटर की ओर से आयोजित किया गया। प्रशिक्षण वरिष्ठ निश्चेतन विशेषज्ञ व मास्टर ट्रेनर डॉ अनुपम महर्षि व महावीर प्रसाद गुर्जर की ओर से संपादित किया गया। इस अवसर जिला चिकित्सालय लक्ष्मणगढ़ के निश्चेतन विशेषज्ञ डॉ सत्यपाल ढाका, डॉ झाबर मल जाट, डॉ विमल भूरिया, पीएमओ उप जिला चिकित्सालय नेछवा डॉ सुमन,नर्सिंग अधीक्षक मोहन खिंची, सीनियर नर्सिंग अधिकारी रामकरण ख्यालिया, परमेश्वर बेनीवाल, ट्रॉमा प्रभारी रामलाल महला समेत ब्लॉक लक्ष्मणगढ़, नेछवा व फतेहपुर के अनेकों चिकित्सा अधिकारी, सीनियर नर्सिंग अधिकारी व अन्य पैरामेडिकल स्टाफ मौजूद रहे।

## आबूसर हस्तशिल्प मेले का कलेक्टर डॉ अरुण गर्ग ने किया शुभारंभ



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** झुंझुनूं जिले के आबूसर में आयोजित हस्तशिल्प मेले का उद्घाटन शुक्रवार को जिला कलेक्टर डॉ अरुण गर्ग ने किया। उद्घाटन अवसर पर विभिन्न जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक अभिषेक चौबदार ने बताया कि हस्तशिल्प मेले का उद्देश्य स्थानीय कारीगरों, शिल्पियों एवं उद्यमियों को अपने उत्पादों के प्रदर्शन एवं विपणन के लिए एक सशक्त मंच उपलब्ध कराना है। उन्होंने जानकारी दी कि यह मेला 11 जनवरी तक आमजन के लिए खुला रहेगा। मेले में हस्तनिर्मित वस्तुएं, पारंपरिक आभूषण, घरेलू सजावटी सामग्री, हथकरघा एवं ग्रामीण शिल्प से जुड़े उत्पाद आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। मेले के माध्यम से स्थानीय कला एवं संस्कृति को प्रोत्साहन मिलने के साथ-साथ कारीगरों की आय में वृद्धि होने की भी संभावना है। उद्घाटन समारोह का संचालन उम्मेद सिंह महला ने किया। आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल रहा और बड़ी संख्या में लोग मेले के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए। समारोह में 250 से अधिक स्टॉल्स लगाई गई हैं।

## सरस राजसखी राष्ट्रीय मेला 2025- समापन से पहले उमड़ा जनसैलाब

**जयपुर** सरस राजसखी राष्ट्रीय मेला 2025 का भव्य समापन रविवार, 4 जनवरी को होने जा रहा है। समापन से एक दिन पूर्व शनिवार को मेले में अभूतपूर्व भीड़ देखने को मिली। बड़ी संख्या में लोग इस अनूठे मेले के अंतिम पलों का आनंद लेने पहुंचे, जिससे पूरे परिसर में उत्सव जैसा माहौल बना रहा। आज मेले में रिकॉर्ड तोड़ बिक्री दर्ज की गई, जो मेले की लोकप्रियता और लोगों के बढ़ते विश्वास को दर्शाती है। मेले में जयपुर के प्रतिष्ठित आईआईएस कॉलेज एवं सुबोध कॉलेज के छात्र-छात्राओं की विशेष सहभागिता देखने को मिली। बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने मेले का भ्रमण किया। जहां उन्होंने न केवल हस्तशिल्प एवं उत्पादों की खरीदारी की बल्कि लाइव डेमो के माध्यम से पारंपरिक कलाओं की बारीकियां भी समझीं। युवाओं में मेले को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला और कई युवा सोशल मीडिया के लिए रील्स और कंटेंट बनाते नजर आए, जिससे मेले की पहुंच डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी व्यापक रूप से बनी रही।

## भू प्रबंधन अधिकारी भरतपुर की टीम करेगी गर्ल्स स्कूल के अतिक्रमण पर निशानदेही

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राजाखेड़ा, गत पांच साल से राजाखेड़ा की जनता राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय राजाखेड़ा की भूमि पर अतिक्रमण का विरोध करते हुए प्रशासन से पुरजोर अपील कर रही थी कि जरिया नंबर दो हाट मैदान ,मुख्य रोड पर खसरा नंबर 3949 जिसकी कमर्शियल लंबाई 150 फीट थी जिस पर छत्तापुरा, तहसील खेरागढ़ जिला आगरा उत्तर प्रदेश की ओर से 5 करोड़ से अधिक की राशि की जमीन पर अतिक्रमण कर कमर्शियल कंपलेक्स व मैरिज होम बनाकर पिछले 10 साल से बैठा था, लेकिन जनता ने हार नहीं मानी। बालिकाओं ने बाजार में जुलूस निकालकर शुरुआत की तो गर्ल्स स्कूल की पूर्व प्रिंसिपल मनोरमा भारद्वाज ने रिटायरमेंट तक कोर्ट के चक्कर काटे, कई स्थानीय वंराष्ट्रीय अखबारों ने अधिकारियों को सजग और सावचेत करते हुए अतिक्रमण हटाने की गुहार लगाई। कुछ भ्रष्टाचारियों ने टालमटोल कर वर्षो निकाल दिए, तो कुछ राजनेताओं ने राजनीति करते हुए 5 करोड़ की जगह के बदले 20लाख कीमत की जगह शहर से 2 किलोमीटर दूर दिलवाकर बैशकीमती जगह को भूल भुलैया में डालने का प्रयास किया। कहावत है बिल्ली के भाग्य से छींका टूटता है। इस अतिक्रमण स्थल की नजदीक महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय गोपीनाथ राजाखेड़ा स्थित है। प्रत्येक महात्मा गांधी विद्यालय एक से 12 तक अंग्रेजी माध्यम में संचालित है। यह विद्यालय , 200 वर्ग गज जमीन पर बने मात्र दो कमरों में चल रहा है। जिन्हें भी क्षतिग्रस्त होने के कारण जमीदोज करने के आदेश हो चुके है। राजाखेड़ा की मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने गर्ल्स स्कूल शहर से दूर बनने पर, इस जमीन पर, गोपीनाथ स्कूल की बिल्डिंग बनाने के प्रस्ताव उच्च अधिकारियों को भेजे हैं। जिसे राजाखेड़ा की जनता ने विशेष रूप से सराहा है। सरकार की मनसा अनुरूप यदि गोपीनाथ विद्यालय इस जमीन पर बन जाता है तो निश्चित मानिए कि यह राजाखेड़ा का सर्वाधिक नामांकन वाला विद्यालय होगा इसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं है कि गरीब तबके के ही अधिकांश विद्यार्थी सरकारी विद्यालय में पढ़ते हैं। भूखंड के पास मुन्ना कॉलोनी, गड्ढ वाली जाटव बस्ती, शिव कॉलोनी, बेडिया बस्ती, गंगोलियापुरा रोड हरिजन बस्ती, कोली बस्ती,महते की, पहाड़ियां बस्ती, हाट मैदान बस्ती आदि निवासियों के हजारों विद्यार्थियों को लाभ होगा। अब देखना यह है की गोपीनाथ विद्यालय को एक से 12 तक महात्मा गांधी विद्यालय का दर्जा दिलाने में विधायक रोहित बोहरा को श्रेय जाता है।

जनता को उम्मीद जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी से: गर्ल्स स्कूल राजाखेड़ा की जगह के अतिक्रमण के विरुद्ध जब भी जनता जनार्दन जिला कलेक्टर श्री निधि बीटी की जनसुनवाई में जाता, उन्हें पूर्ण रूप से आश्वस्त किया जाता कि आप धैर्य रखिए, माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल जी अतिक्रमण के सख्त विरोध में है। उनके संज्ञान में यह मामला है हम दूध का दूध पानी का पानी करके छोड़ेंगे भरोसा रखिए जनता ने अपनी उम्मीद नहीं छोड़ी और वह न्याय के पल देखने के लिए आतुर है कि कब बुलडोजर का पीला पंजा चलेगा,उत्तर प्रदेश के भू माफिया ने राजस्थान की बेटियों के हकको किस प्रकार डकारने का दुस्साहस किया उसे अब शीघ्र परिणाम मिलेगा। भू माफिया की लगातार धमकियों से भयभीत हैं शिकायत करता। अतिक्रमण की विरुद्ध शिकायत करने वाले सैकड़ो व्यक्ति तो मैदान छोड़कर इसलिए भाग गए,क्योंकि माखन सिंह द्वारा उन्हें उत्तर प्रदेश की लाइसेंसी बंदूक दिखाकर धमकाया जाता रहा कि मुझे संबंधित विभाग से सूचना मिल जाती है, कि किस व्यक्ति द्वारा मेरी शिकायत की जा रही है

## श्रीराम कथा व पोषबड़ा महोत्सव में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

जयपुर टाइम्स

**सांगानेर(निस)।** उपखंड क्षेत्र माधोराजपुरा स्थित श्री खेड़ापति धाम में 13वां अखण्ड रामचरित मानस पाटोत्सव, श्रीराम कथा व पोषबड़ा महोत्सव श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में संपन्न हुआ। इस पावन आयोजन में खेड़ा गांव सहित आसपास के क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्मलाभ प्राप्त किया। पूरे दिन चले इस धार्मिक अनुष्ठान में अखण्ड रामचरित मानस पाठ के साथ श्रीराम कथा का भावपूर्ण वाचन किया गया। कथा के दौरान भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन, सत्य, मर्यादा और सेवा भाव पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। विभिन्न प्रसंगों पर श्रद्धालुओं ने 'जय श्रीराम' के जयकारे लगाकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। समापन समारोह में उज्जैन से आए प्रसिद्ध कलाकारों की ओर से सजाई गई फूल बंगले की भव्य झांकी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही। सुगंधित व रंग-बिरंगे पुष्पों से सुसज्जित इस झांकी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। झांकी ने श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक आनंद से भर दिया। कार्यक्रम में पुजारी महंत बाबूलाल पारीक, महंत देवकीनंदन पारीक, महंत राजेंद्र पारीक, महंत गोविंद पारीक एवं महंत सर्वेश्वर पारीक की उपस्थिति रही। साथ ही चाकसू विधायक रामावतार बैरवा, रमेश निठारवाल, संत प्रकाशदास महाराज, माधोराजपुरा मंडल अध्यक्ष दीपक कुमावत सहित अनेक जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता नागरिक मौजूद रहे। अतिथियों ने आयोजन की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए इसे सामाजिक समरसता और धार्मिक चेतना को सुदृढ़ करने वाला बताया। महंत गोविंद





पारीक ने कहा कि अखण्ड रामचरित मानस पाटोत्सव समाज को जोड़ने का सशक्त माध्यम है और श्रीराम का आदर्श जीवन हमें सत्य, सेवा और संस्कारों के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। समापन अवसर पर पंगत प्रसादी का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने एक साथ बैठकर प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के दौरान माधोराजपुरा थाना अधिकारी रणधीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस जाप्ता तैनात रहा और शांति व्यवस्था बनाए रखी गई। यह आयोजन श्री खेड़ापति मानस मंडल खेड़ा श्री हनुमानजी, भक्तजन सेवा समिति पुजारी परिवार, श्री खेड़ापति मानस मंडल आदि के सहयोग से संपन्न हुआ।

## बुडाना में विधायक राजेंद्र भांबू ने नवीन नलकूप का किया लोकार्पण



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** झुंझुनूं विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बुडाना के रेबारी मोहल्ले में विधायक राजेंद्र भांबू की अनुशंसा पर जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग की ओर से निर्मित नवीन नलकूप का लोकार्पण किया गया। नलकूप के लोकार्पण से क्षेत्र के ग्रामीणों को पेयजल सुविधा में उल्लेखनीय राहत मिलेगी। इस अवसर पर ग्रामवासियों ने विधायक राजेंद्र भांबू का पारंपरिक व भव्य स्वागत किया। ग्रामीणों ने उन्हें घोड़ी पर बैठाकर कार्यक्रम स्थल तक पहुंचाया, जिससे उनके प्रति स्नेह, सम्मान व विश्वास का भाव प्रकट हुआ। लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए विधायक राजेंद्र भांबू ने कहा कि क्षेत्र के प्रत्येक नागरिक को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। नवीन नलकूप के निर्माण से रेबारी मोहल्ले में वर्षों से चली आ रही पेयजल समस्या का स्थायी समाधान होगा। कार्यक्रम में पूनम नाथ, जयकरण, महिपाल, सुभाष, मुकेश पातुसरी, सुरेंद्र, रावताराम रेबारी, जठूरी रेबारी, हरफूल जांगिड़, पूर्व सरपंच दिलीप कृष्णिया, किशनाराम खोड़ा, बनवारी जांगिड़, मुकेश शर्मा, हाकम अली पठान, आज़ाद पठान सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने इस जनहितकारी कार्य के लिए विधायक राजेंद्र भांबू का आभार व्यक्त करते हुए क्षेत्र के विकास हेतु उनके निरंतर प्रयासों की सराहना की।

## 5 वर्ष में 4 लाख युवाओं को देंगे सरकारी नौकरी- संसदीय कार्य मंत्री



जयपुर टाइम्स

**जयपुर** संसदीय कार्य मंत्री श्री जोगाराम पटेल के मुख्य आतिथ्य एवं महंत श्री अर्जुनदास जी महाराज के पावन सानिध्य में जोधपुर के श्री गुलाबदासजी मन्दिर पालासनी में शनिवार को क्षत्रिय सरगरा समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित हुआ। श्री पटेल ने कहा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार युवा वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। राज्य सरकार ने 5 वर्ष 4 लाख सरकारी नौकरी देने का लक्ष्य रखा है। 2 वर्ष के कार्यकाल में लगभग 1 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी जा चुकी है। श्री पटेल ने कहा इस माह 20 हजार पदों पर नियुक्ति दी जाएगी और लगभग 1 लाख 23 हजार पदों पर भर्ती प्रक्रियाधीन है। आगामी भर्ती परीक्षाओं के लिए आरपीएससी द्वारा कैलेंडर जारी कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि 2 वर्ष में निजी क्षेत्र में लगभग 2.50 लाख रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाए गए हैं। श्री पटेल ने कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही समाज और राष्ट्र का उत्थान एवं विकास संभव है। उन्होंने नशामुक्त समाज की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि नशा युवाओं के भविष्य और समाज की प्रगति में सबसे बड़ी बाधा है। उन्होंने कहा कि सरगरा समाज की मांग के अनुरूप गजट में त्रुटि को सुधारा जाएगा। कार्यक्रम में श्री प्रकाश चंद चौहान,श्री संतोष चौहान, श्री आरडी सागर, श्री छोगाराम, श्रीमती सुमित्रा बिश्नोई, श्री खींवराज जांगिड़, श्री लक्ष्मण सरगरा सहित जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

# पूर्णिमा पर गौ माता को सेली गुड हरा चारा खिलाया

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** शहर के कोलीवाडा स्थित गोशाला प्रांगण में पूर्णिमा के मौके पर शनिवार को तिल सेली भोग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर गोशाला कमेटी के अध्यक्ष धीरज सांखला के नेतृत्व में भामाशाह शांति बाई धर्मपत्नी प्रेम पंकज सोनी परिवार शिवगंज व देवेंद्र सिंह पुत्र मनोहर सिंह सोनीगरा बोया परिवार की ओर से गोशाला की गायों को 250 किलो तिल की सेली, खिलाया गया। इस तरह का आयोजन श्री राम गौशाला कोलीवाडा में किया गया। गाय माता को भोग दिए जाने से विधि विधान के साथ पूजा अर्चना भी की गई। पूर्णिमा पर गोशाला में 56 जैसा भोग का आयोजन: दूसरी बार इस तरह का कार्यक्रम संपन्न हुआ। आयोजित कार्यक्रम में लगभग 500



से अधिक गायों ने इस पकवान का सखानंद लिया। गोशाला सेवा समिति अध्यक्ष धीरज सांखला ने बताया कि क्या मान्यता रही है कि राम लक्ष्मण की ओर से रावण का वध किए जाने से उन्हें ब्रह्म हत्या का दोष लगा था। ब्रह्म हत्या के दोष से मुक्ति के लिए भगवान राम ने भी गाय माता को भोजन कराया था। जिससे उन्हें इससे मुक्ति मिली थी। इसी परंपरा को आगे बढ़ते हुए शनिवार को सोनी व सोनीगरा परिवार के सदस्यों ने श्री राम गौशाला कोलीवाड़ा में गौ माता को हरा चारा, तिल सेली, गुड जैसे भोग कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसी पुण्य धर्म को अपनाते हुए सभी सदस्यों ने विधि विधान के साथ गौ माता की पूजा अर्चना कर माता को भोग अर्पित किया है,और गौ माता को नमन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। गोशाला समिति के व्यवस्थापक पुखराज कुमावत ने बताया कि सोनी व सोनीगरा परिवार के सदस्यों ने गोशाला में एक साथ सभी गायों को पकवान का भोग लगाया गया। इस मौके पर उन्होंने आम लोगों से भी इस तरह के आयोजन में सहभागी बनने का आह्वान किया। माघ पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्री राम गौ शाला में भामाशाह शांति बाई धर्मपत्नी प्रेम पंकज सोनी परिवार शिवगंज व देवेन्द्र सिंह पुत्र मनोहर सिंह सोनीगरा बोया की तरफ से गौ माता को ढाई क्विंटल तिल की सेली व एक ट्रॉली हरा चारा का भोग लगाया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष धीरज सांखला ने उनका दुपट्टे व स्मृति चिह्न भेंट कर शानदार स्वागत कर अभिनंदन किया गया। इसी तरह अध्यक्ष सांखला के मित्र और भामाशाह उमर खान ( अपेक्षा इंजीनियरिंग उदयपुर ) की ओर से एक टोली हरा चारा व देवाराम सोलंकी की ओर से 51 किलो गुड़ शिवगंज-दुबई वालो और रणजीत कुमार पुत्र मंशाराम सुमेरपुर की ओर से गायों को वितरित किया गया। इस अवसर पर भंवर सिंह सोनीगरा बोया, महेंद्र सिंह सोनीगरा बोया, आनंद प्रकाश सोनी शिवगंज, जय सोनी शिवगंज, व्यवस्थापक पुखराज कुमावत, मोहन दास वैष्णव आदि गौशाला कार्मिक उपस्थित रहे। पूर्णिमा के अवसर पर महिला मंडल की ओर से भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। महिलाओं ने एक से एक बढ़कर भजन प्रस्तुत किया। जहां पूरा गौशाला भक्तिमय में गूंज उठा। साथ ही गौशाला में उपस्थित भक्तों का गौ शाला परिवार की ओर से आभार जताया।

# पौषबड़ा महोत्सव आयोजित



जयपुर टाइम्स

**सालासर(निस)।** कस्बे में शनिवार को कालिमाता मंदिर के पास पोष बड़ा के कार्यक्रम आयोजित किया गया। रामपाल प्रजापत ने बताया कि पोष बड़ा महोत्सव में बड़ी संख्या में ग्रामीणों व श्रद्धालुओं को पोष बड़े का प्रसाद वितरण किया गया। साथ ही बताया कि पहले भोग लगाया व उसके बाद में बड़े वितरण किए गए। इस मौके पर सालासर व्यापार मंडल अध्यक्ष राजकुमार ढाका, बालचंद प्रजापत, रामनिवास प्रजापत, ईश्वर राम प्रजापत, पवन प्रजापत, इंदरचंद प्रजापत, हरिराम प्रजापत, मदन लाल प्रजापत, श्रीराम प्रजापत, पीथा राम प्रजापत, राकेश ढाका सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# कथा में सुनाई भगवान की बाल लीलाएं



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सार्वजनिक सेवा समिति नलिया बास में चल रही श्रीमद्भागवतकथा के पांचवे दिन कथावाचक पं. भवानीशंकर पारीक ने भगवान कृष्ण के नामकरण, बाललीला, पूतनावध, अक्कासुर, बक्कासुर वृतांत आदि सुनाए। इसी प्रकार यमुना में कालिया नाग के दमन की कथा भी सुनाई गई। कथा में जसनाथ सम्प्रदाय के प्रहलाद नाथ महाराज का भी स्वागत किया गया। नरेंद्र जोशी, निर्मल जोशी ने बेजुबान पक्षियों के लिए घोंसलों का वितरण किया। संदीप जोशी के संचालन में आयोजित कथा में आकर्षक झांकियां भी सजाई गई।

# माता सावित्री बाई फुले की 195 वीं जयंती मनाई



जयपुर टाइम्स

**नवलगढ़(निस)।** डुंडलोद में माता सावित्री बाई फुले की 195वीं जयंती मनाई जिसमें कस्बे के नागरिक ने भाग लिया और माता सावित्री बाई फुले की फोटो पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। सीताराम सैनी नगर अध्यक्ष राष्ट्रीय सैनी सभा डूंडलोद ने माता सावित्रीबाई के जीवन पर प्रकाश डाला और उन्होंने बताया कि किस प्रकार फुले दंपति का जीवन संघर्ष भरा रहा। महात्मा फुले और माता सावित्रीबाई फुले ने जो महिला शिक्षा के लिए जो अलख जगाई थी उसकी बदोलत ही आज हमारी बहन बेटियां बड़े बड़े पदो पर आसीन हैं। इस मौके पर शंकर लाल शर्मा,भाजपा नेता सुभाष चंद्र भूत, समाजसेवी सीताराम सैनी, महेश चंद भादुपोता, ललित अग्रवाल, वृक्ष मित्र श्रवण कुमार जाखड़, मदनलाल स्वामी, राधेश्याम सैनी, गंगाधर किलानिया, ओमप्रकाश बुलडक, ललित किशोर, सरवन बीकानेर, दिनेश मेड, लालचंद सोनी, नंदलाल सैनी, उमेश शर्मा, मनोहर लाल सैनी, किशन उदावत, करण सिंह, मनोहर लाल जांगिड़, सतीश जसरपुरिया, सरवन दाड्यिा, उमेश टेलर व नागरिक मौजूद रहे।

# सावित्री बाई फुले जयंती मनाई



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** शहर के वार्ड संख्या दो स्थित शिव नंदी समाधी स्थल पर सामाजिक कार्यकर्ता सरिता पड़िहार के नेतृत्व में माता सावित्री बाई फुले की जयंती मनाई गई। इस दौरान पड़िहार ने फुले के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान जरूरतमंद लोगों को कंबलों का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर मगन कंवर, मंजू देवी, कलावती, रेखा, फरजाना, सरोज देवी, सुमन, संतोष, अंजु राणा, अफसाना सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# स्नेह मिलन कार्यक्रम आज

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** अखिल भारतीय बिजारणिया परिवार संघ का स्नेह मिलन कार्यक्रम इन्द्रगिरी आश्रम रोड़ स्थित जाट भवन में रविवार को आयोजित किया जाएगा। एडवोकेट बनवारीलाल बिजारणिया ने बताया कि कार्यक्रम में सामाजिक मुद्दों और सामाजिक संगठन को मजबूत बनाने के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की जाएगी।

# फुले जयंती पर खेलकूद प्रतियोगिताएं व पौषबड़ा कार्यक्रम

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** शिक्षा से ही समाज का सर्वंगीण विकास सम्भव है। यह विचार पूर्व पालिकाध्यक्ष शिवभगवान कम्मा ने शनिवार को स्थानीय रामचंद्र पार्क के पीछे स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले सैनी समाज अतिथि भवन में देश की प्रथम शिक्षिका माता सावित्रीबाई फूले की जयंती समारोह को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए। माता सावित्रीबाई फुले के चित्र पर पुष्पांजलि से प्रारंभ हुए समारोह में जिला भाजपा प्रवक्ता कौशल्या सैनी, उषा सैनी, पिंकी सैनी, आरती सैनी, अंजू गौड़, चंदा सैनी, सुमन सैनी, सीमा सैनी मंचासीन अतिथि रहे। इस अवसर पर रतनगढ़ सैनी समाज की ओर से सैनी समाज की महिलाओं व बालिकाओं के लिए



विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं आयोजित की गई। जिसमें चम्मच दौड़ प्रतियोगिता में टिना कम्मा ने प्रथम स्थान, काव्या सैनी ने द्वितीय और रेखा सैनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कुर्सी दौड़ प्रतियोगिताओ में उषा कम्मा ने प्रथम स्थान, उषा माली ने द्वितीय स्थान तथा विनीता कम्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में विनिता कम्मा ने प्रथम स्थान, कोमल राकसिया ने द्वितीय तथा भगवती कम्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। संगीत प्रतियोगिता में दक्षिता सैनी ने प्रथम, जिया सैनी ने द्वितीय और प्रतिग्या व द्वियांशी सैनी संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को सैनी समाज कर्मचारी व अधिकारी सेवा संस्थान की ओर से पारितोषिक वितरण किया गया। साथ ही राजकीय सेवा में कार्यरत समाज की महिलाओं को शोल ओढाकर अभिनन्दन किया गया। सेवा संस्थान के अध्यक्ष मोहनलाल राकसिया व समाज अध्यक्ष हीरालाल खडोलिया ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन परमेश्वर लाल गौड़, अशोक वर्मा व कोमल सैनी ने संयुक्त रूप से किया। समारोह के दौरान पौषबड़ा का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इस अवसर पर भामाशाह मांगीलाल चुनवाल, संरक्षक मदनलाल कम्मा, ओमप्रकाश टाक, जिला सचिव गौरीशंकर खडोलिया, गीरधारीलाल राकसिया, नन्दकिशोर गढवाल, बाबुलाल खडोलिया, नन्दलाल तंवर, किशनलाल टाक, शंकर खडोलिया, नगेन्द्र गौड़, सुनील कम्मा, उज्जवल राकसिया, तिलोक कम्मा, ओमप्रकाश खडोलिया, बलदेव टाक, रामोतार कम्मा, श्रवण कुमार कम्मा, नथमल कम्मा, राजकुमार खडोलिया, राजेंद्र सांखला, विनोद सैनी, जगदीश सैनी, सहित अनेक उपस्थित रहे।

# शत प्रतिशत नेत्रहीन युवक को नहीं मिल रहा सरकारी योजनाओं का लाभ

## पालनहार व खाद्य-सुरक्षा का लाभ नहीं मिलने पर प्रशासन से लगाई गुहार

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** उपखण्ड क्षेत्र के गांव मेलूसर निवासी 100 प्रतिशत नेत्रहीन दिव्यांग युवक पवन कुमार पुत्र सांवरमल को सरकार की महत्वपूर्ण सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस संबंध में पीड़ित ने उपखण्ड अधिकारी सरदारशहर को ज्ञापन सौंपकर पालनहार योजना व राशन कार्ड में अपडेट करवाने की मांग की है। पीड़ित पवन कुमार ने बताया कि वह पूर्ण रूप से दृष्टिहीन है और पूर्व में उसे पालनहार योजना का लाभ नियमित रूप से मिल रहा था। लेकिन नए जनआधार कार्ड जारी होने के बाद भुगतान पूरी तरह बंद हो गया है। जिससे उसकी आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय हो गई है। पवन कुमार ने बताया कि वर्तमान में उसका नया जनआधार बन गया हैं। लेकिन इसके बावजूद



विभागीय रिकॉर्ड अपडेट नहीं होने के कारण न तो पालनहार योजना का लाभ मिल रहा है और न ही राशन में गेहूं की सुविधा मिल पा रही है। दिव्यांग युवक ने प्रशासन से मांग की है कि उसके नए जनआधार नंबर के अनुसार रिकॉर्ड अपडेट कर पालनहार योजना पुनः चालू की जाए ताकि उसे सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सके। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब सरकार दिव्यांगजनों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही है तो इस तरह की तकनीकी या प्रशासनिक लापरवाही से जरूरतमंद व्यक्ति को वंचित रखा जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। अब देखना होगा कि प्रशासन इस गंभीर मामले में कितनी शीघ्रता से कार्रवाई करता है।

# सवित्री बाई फूले की जयंती पर अनेक कार्यक्रम आयोजित

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** देश की प्रथम आधुनिक महिला शिक्षिका सावित्री बाई फूले की जयंती के अवसर पर माली समाज के बालाजी मंदिर के पास महात्मा ज्योतिबा फूले कार्यालय में मनाई गई। इस अवसर पर महात्मा ज्योतिबा फूले संस्थान के अध्यक्ष महेश तंवर, मंत्री अजय कुमार सैनी, कोषाध्यक्ष मिथिलेश तंवर, बीकानेर संभाग प्रभारी कन्हैयालाल मारोठिया, चूरू जिला उपाध्यक्ष हंसराज कारोड़िया, हंसराज तंवर, सुशील तंवर, मुकेश सांखला, प्रेम सभी ने माता सावित्री फूले के जीवन चरित्र को रेखांकित करते हुए उनके शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग को रेखांकित किया। इसी प्रकासर परमानंद त्रिलोकचंद बीएड कॉलेज में भी सावित्री बाई फूले के चित्र पर पुष्पांजली अर्पित की गई। कार्यक्रम में प्राचार्य लक्ष्मणसिंह चौधरी, व्याख्याता सुनील विश्नोई, डायरेक्टर बाबूलाल कारोड़िया, ममता मेघवाल, हेमलता जाट आदि ने विचार प्रकट करते हुए सावित्री बाई फूले के जीवन सिद्धांतों पर चलने की अपील की। इसी प्रकार गाँधी बस्ती में देश की प्रथम आधुनिक महिला गुरु सावित्री बाई फूले की 195 वीं जयंती धूम धाम से मनाई गई। सामुदायिक भवन के पास सर्व समाज के लोगों की सहभागिता से हुए जयंती प्रोग्राम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। पीएलवी विजयपाल सिंह श्योराण ने कार्यक्रम में विचार प्रकट किए। मुख्य अतिथि सुरजाराम डाबरिया, मुख्य वक्ता ज्योति चौहान, विशिष्ट अतिथि किशनलाल कटारिया रहे। दीपाराम सांडेला ने सभी से अपील की कि ज्योतिबा फुले की जयंती के साथ साथ हमारे सुजानगढ़ में अब से हर वर्ष सावित्री बाई फुले की जयंती भी धूम धाम से मनानी चाहिए। मुख्य वक्ता ज्योति चौहान ने सर्व समाज के सामने मूलभूत सवाल उठाते हुए महिलाओं को समानता पूर्ण जीवन का अधिकार दिलाने में पुरुषों से आगे आने की पुरजोर अपील की। पूर्व सैनिक श्यामलाल ने कहा की बड़ी शक्ति छोटी शक्ति को दबाती है और पढ़ कर, जागरूक होकर, संगठित होकर हमें बड़ी और अच्छी शक्ति बनना है। कार्यक्रम में दुर्गा देवी, गंगा देवी, चुकी देवी सहित अनेक महिलायें, गिरधारीलाल, श्रवण कुमार, मदनलाल कड़ेला, चुन्नीलाल बारूपाल, तिलोक मेघवाल एडवोकेट, भागीरथ प्रसाद, दुलीचंद जयपाल, ईश्वर सिंह सर्वा, कालूराम नायक, महेंद्र, नरेन्द्र, कन्हैयालाल, भवानी शंकर, ओम प्रकाश मेघवाल, मंगलचंद आदि कार्यक्रम में शामिल हुए।

# राजकीय महाविद्यालय में नशा मुक्ति विशेष संवाद कार्यक्रम आयोजित

जयपुर टाइम्स



**पाटन(निस)।** कस्बे के राजकीय महाविद्यालय, पाटन में 3 जनवरी को नशा मुक्ति जनजागरूकता के उद्देश्य से नशा मुक्ति विशेष संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना तथा उन्हें स्वस्थ, सकारात्मक व अनुशासित जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मदन लाल मीना ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान समय में युवाओं को नशे से दूर रखकर रचनात्मक गतिविधियों की ओर मोड़ना अत्यंत आवश्यक है। ऐसे जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होते हैं।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता कुंज बिहारी शर्मा रहे। अपने प्रेरणादायी संबोधन में उन्होंने कहा कि नशा केवल व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को ही नुकसान नहीं पहुंचाता, बल्कि यह परिवार, समाज और राष्ट्र की प्रगति में भी गंभीर बाधा बनता है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे नशे से दूर रहकर शिक्षा, नैतिक मूल्यों और आत्म अनुशासन को अपने जीवन में अपनाएं। संवाद सत्र के दौरान विद्यार्थियों ने नशा मुक्ति से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका मुख्य अतिथि की ओर से सरल, सारगर्भित व प्रभावी ढंग से समाधान किया गया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. योगेश कुमार सबल ने बताया कि नशा मुक्ति के लिए सामाजिक सहभागिता, निरंतर जागरूकता व मजबूत इच्छाशक्ति की अहम भूमिका होती है।नशा मुक्ति केंद्र प्रभारी ज्योति शर्मा के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम का मंच संचालन छात्रा फिजा बानो व छात्र सहीराम गुर्जर ने कुशलता पूर्वक किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। साथ ही महाविद्यालय स्टाफ सदस्य किरण यादव, सरोज गुर्जर, रीतू शर्मा, डॉ. सुमैय्या व डॉ. धर्मवीर कुमावत की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंत में मुख्य वक्ता की ओर से सभी उपस्थित विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों को नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम का समापन सकारात्मक संदेश एवं उत्साहपूर्ण वातावरण के साथ हुआ।

# मण्डावा में भारत की प्रथम महिला शिक्षिका को किया याद

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निस)।** कस्बे के मुख्य बाजार स्थित श्री रघुनाथजी के मन्दिर में शनिवार को भाजपा नगर मण्डल, मण्डावा की ओर से भारत की प्रथम महिला शिक्षिका और महान समाज सेविका सावित्रीबाई फुले की 195वीं जयंती मण्डल अध्यक्ष मोहनलाल सैनी की अध्यक्षता में मनाई गई। इस अवसर पर उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। सावित्रीबाई फुले ने भारत में महिला शिक्षा की नींव रखी और महिला सशक्तिकरण का मार्ग प्रशस्त किया था। इस मौके पर वक्ताओं ने बताया कि सावित्रीबाई फुले भारत की पहली महिला शिक्षिका और एक महान समाज सुधारक थीं। उन्होंने महिलाओं और दलितों की शिक्षा के लिए अभूतपूर्व कार्य किया। उन्होंने बाल विवाह, सती प्रथा और छुआछूत जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ भी सशक्त आवाज उठाई थी। वक्ताओं ने उन्हें माल्यार्पण कर याद किया और उनके आदर्शों का अनुसरण करने का संकल्प लिया। पूर्व चेयरमैन राधेश्याम सैनी कहा कि सावित्रीबाई फुले ने ऐसे समय में लड़कियों की शिक्षा की नींव रखी, जब समाज इसका घोर विरोध करता था। उन्हें एक बहादुर समाज सुधारक बताया, जिन्होंने महिलाओं की शिक्षा के लिए संघर्ष कर भारतीय इतिहास की दिशा बदल दी। कार्यक्रम में पूर्व पालिकाध्यक्ष राधेश्याम सैनी, पार्षद मो0इब्राहिम रंगरेज, कैलाशचंद्र शर्मा, विजेंद्र सैनी, बाबूलाल सैनी, संजय मील, संजय परिहार, सुनील सैनी, दीपक खांडल, संदीप परिहार किशोर जादू, ज्ञानचंद कुमावत मोहनलाल परिहार, अभिषेक सैनी, प्रवीण सैनी, सचिन तुनवाल, विशाल सैनी,शिवचरण गाड़ोदिया आदि उपस्थित रहे।

# फुले छात्रावास में मनाई सावित्री बाई फुले की जयंती

जयपुर टाइम्स



**लक्ष्मणगढ़(निस)।** महान समाज सुधारक व देश की पहली महिला शिक्षिका सावित्री बाई फुले की 195वीं जयंती शनिवार को समारोह यहां राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर सेठों की कोठी से बैरास जाने वाले रास्ते पर निर्माणाधीन महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास लक्ष्मणगढ़ में श्रद्धा पूर्वक मनाई गई। पुलिस निरीक्षक व लक्ष्मणगढ़ थानाधिकारी राजाराम लेघा के मुख्य आतिथ्य व महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास निर्माण समिति के संरक्षक अनिल कुमार बागड़ी की अध्यक्षता में आयोजित जयंती समारोह में वक्ताओं ने मां सावित्री बाई फुले की ओर से सामाजिक क्षेत्रों में किए गए महान कार्यों को स्मरण करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलकर उपेक्षित व वंचित वर्ग के उत्थान व कल्याण के लिए कार्य करने का आव्हान किया और सामाजिक क्षेत्र में कार्य करते रहने का संकल्प दिलाया। यह जानकारी देते हुए समिति के प्रवक्ता मनोज कुमार सैनी ने बताया कि इस अवसर पर लक्ष्मणगढ़ थानाधिकारी पुलिस निरीक्षक राजाराम लेघा, समाजसेवी भामाशाह उद्योगपति अनिल कुमार बागड़ी, राजकुमार कम्मा, भंवरलाल सांखला सेठों की कोठी, सैनी समाज के पूर्व अध्यक्ष पूर्णमल राकसिया, कर्मचारी नेता रामवतार फगेडिया, महेश गढ़वाल, प्रेम सिंह डोटासरा, समिति के संयोजक सज्जन कुमार सैनी, फाइनेंस कंसल्टेंट झाबरमल माली, महामंत्री महेंद्र कुमार माली, योजना सलाहकार रामस्वरूप पीटीआई, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद कुमार सांखला सेठों की कोठी, मंत्री राकेश गौड़ पूर्व पार्षद, मंत्री मनोज कुमार सैनी धाभाईयों की ढाणी,भूमि प्रदाता विनोद गौड़, दीपक कटारिया, प्रवक्ता मनोज राकसिया, सदस्य महावीर जाजम, सुभाष सैनी अध्यापक, ताराचन्द गौड, मनीष चुनवाल मावलियों की ढाणी, जयप्रकाश गौड़ सिंगोदडा, राजेश गौड़, अंकित गौड़ धाभाइयों की ढाणी, संदीप पीपलोदिया सेठों की कोठी, अनिल जाजम हेतमसर, अनिल पवार बलोद, मनीष बालन फ़तेहपुर, युवराज साँखला सेठों की कोठी, मनोज मेघवाल, अनिल मेघवाल सहित छात्रावास के पदाधिकारी सदस्य, प्रबुद्ध जन व विद्यार्थी मौजूद रहे।

# हेमराजपुरा के स्थान पर नारदा को ग्राम पंचायत बनाने का विरोध, ग्रामीणों का प्रदर्शन

जयपुर टाइम्स




**पाटन(निस)।** पंचायत समिति पाटन क्षेत्र में नवसृजित ग्राम पंचायत हेमराजपुरा के स्थान पर नारदा को ग्राम पंचायत बनाए जाने के निर्णय के खिलाफ ग्रामीणों में भारी रोष देखने को मिला। शुक्रवार को ग्रामीणों ने एकजुट होकर प्रदर्शन किया और हेमराजपुरा को ही ग्राम पंचायत बनाए जाने की मांग को लेकर नीमकाथाना उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि इस संबंध में पहले नीमकाथाना एसडीएम कार्यालय की ओर से आपत्तियां आमंत्रित करने के लिए नोटिस जारी किए गए थे। आपत्तियों के निस्तारण के बाद पंचायत समिति पाटन में हेमराजपुरा को नवसृजित ग्राम पंचायत घोषित किया गया था। उस समय हेमराजपुरा की जनसंख्या 1315, नारदा की 695 और नानगवास की 1068 दर्शाई गई थी। प्रस्तावित ग्राम पंचायत हेमराजपुरा में नारदा और नानगवास गांवों को शामिल किया गया था।ग्रामीणों का कहना है कि ग्रामीण विकास व पंचायती राज विभाग, राजस्थान सरकार की ओर से 21 नवंबर 2025 को जारी पत्र में भी हेमराजपुरा को नवसृजित ग्राम पंचायत के रूप में अंकित किया गया था। इसके बावजूद 28 दिसंबर 2025 को विभाग की अधिसूचना क्रमांक F 15 (36) पुनर्गठन/विधि/पंरा/2024/891 के तहत हेमराजपुरा के स्थान पर नारदा को ग्राम पंचायत घोषित कर दिया गया, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि इस बदलाव के लिए संबंधित अधिकारियों की ओर से कोई नया प्रस्ताव नहीं भेजा गया। उन्होंने कहा कि आबादी के आधार पर भी हेमराजपुरा पूरी तरह योग्य है, जबकि नारदा की जनसंख्या काफी कम है। इसके बावजूद नियमों को दरकिनार कर निर्णय लिया गया है।ग्राम हेमराजपुरा के निवासियों ने इस फैसले के पीछे राजनीतिक दबाव होने का आरोप भी लगाया। ग्रामीणों का कहना है कि हेमराजपुरा सभी निर्धारित मापदंडों पर खरा उतरता है। गांव मुख्य सड़क पर स्थित है, यहां 1008 मतदाता हैं और आवागमन की सुविधाएं भी बेहतर हैं। इसके विपरीत नारदा मुख्य सड़क से दूर है और वहां परिवहन के साधन भी सीमित हैं। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे और उन्होंने प्रशासन से मांग की कि पूर्व में जारी आदेशों के अनुरूप हेमराजपुरा को ही ग्राम पंचायत घोषित किया जाए, ताकि क्षेत्र के लोगों को न्याय मिल सके।

## रक्तदा जीवनदान का संकल्प हैः खंडेलवाल



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** समाजसेवी देवेंद्र मेवाड़ा की स्मृति में डॉ. देवेंद्र मेवाड़ा मेमोरियल संस्थान की ओर से नटराज हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर का आयोजन अरिहंत ब्लड बैंक टीम के सहयोग से किया गया। संस्थान के चंद्रशेखर मेवाड़ा ने बताया कि शिविर में 176 यूनिट रक्त संग्रह हुआ।मौजूद लोगों ने मेवाड़ा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धाजंलि दी। इस अवसर पर विधायक गोपाल खंडेलवाल ने कहा कि रक्तदान केवल एक कार्य नहीं, बल्कि जीवनदान का संकल्प हैं। डॉ. देवेंद्र मेवाड़ा की पुण्यतिथि पर आयोजित यह शिविर उनकी सेवा, समर्पण और मानवता के प्रति प्रतिबद्धता को सच्ची श्रद्धांजलि है। डॉ. दुर्गा शंकर मेहर, थाना प्रभारी स्वागत पांड्या, अधिशाषी अधिकारी पंकज मंगल, सत्यनारायण जोशी, गोपाल मालवीय, संस्थान संरक्षक गोपाल मेवाड़ा, शक्तिनारायण शर्मा,भगवान सिंह चौहान, अंकित तिवाड़ी, हितेंद्र राजोरा, शिव चन्द्रवाल, सुनील जोशी, बिट्ठल तिवाड़ी, कन्हैया लाल शर्मा, मनोज गोधा समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

## बेटी ने निभाया बेटों वाला फर्ज, पिता को दी मुखाग्नि



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** कस्बे में एक बेटी ने वह कर दिखाया, जिसे अब तक बेटों का अधिकार माना जाता था। दीपमाला टाक ने अपने पिता टीकम चंद टाक के निधन के बाद न सिर्फ मोक्षधाम में मुखाग्नि दी, बल्कि शोककाल की सभी रस्में भी पूरी निष्ठा से निभाईं। विदित हैं कि टीकम चंद टाक नौसरदा के रहने वाले थे लेकिन बेटा नहीं होने से काफी सालों से बिजौलियां में बेटी दीपमाला और दामाद पूर्व उप सरपंच मनोज टाक के पास ही रहते थे। दीपमाला ने बताया कि बेटियां किसी भी तरह से कम नहीं। जब परिवार में बेटा नहीं हो, तब भी बेटी हर जिम्मेदारी निभाने में सक्षम हैं।

## विष्णु भारद्वाज बने विद्यार्थी परिषद के प्रांत छात्रशक्ति सहसंयोजक

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले के गांव चितौरा से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 61 वे प्रांत अधिवेशन में विष्णु भारद्वाज को प्रांत छात्रशक्ति सहसंयोजक बनाया गया, जो छात्रों और युवाओं के नेतृत्व, शिक्षा और कौशल विकास को बढ़ावा देता है। विष्णु भारद्वाज विद्यार्थी परिषद के सक्रिय व अनुभवी कार्यकर्ता रहे हैं। इन्होने पूर्व इकाई उपाध्यक्ष, नगर कार्यकारी सदस्य, जिला एसएफएस संयोजक, जिला सोशल मीडिया संयोजक व प्रांत सोशल मीडिया सहसंयोजक जैसे दायित्व का निर्वहन किया है। संगठनात्मक कार्यों में उनकी सक्रियता व छात्र हितों के प्रति प्रतिबद्धता को देखते हुए परिषद ने उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है। विष्णु भारद्वाज मूलतः धौलपुर जिला के चितौरा गांव के निवासी हैं, प्रांत अधिवेशन में अलग अलग प्रांतों से आए कार्यकर्ताओं ने इस घोषणा का स्वागत किया और विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में एबीवीपी का संगठनात्मक विस्तार व छात्र हितों से जुड़े कार्य और अधिक सशक्त होंगे।



## मृतक आश्रित परिवारों को डेथ क्लेम की राशि प्रदान की

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** डाक जीवन बीमा ने संकट की घड़ी में दिया परिवारों को आर्थिक संबल डाक जीवन बीमा एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा योजनाओं ने विपत्ति के समय यह योजनाएं परिवारों के लिए मजबूत आर्थिक सहारा बनती हैं। डाक विभाग द्वारा दो अलग-अलग मामलों में बीमाधारकों के आकस्मिक निधन के पश्चात उनके आश्रित परिवारों को डेथ क्लेम की राशि प्रदान की गई। पहला मामला ग्राम करीमपुर का है, जहां बीमाधारक की मृत्यु के उपरांत उनके आश्रित को 3,51,000 (तीन लाख इक्यावन हजार रुपये) का डेथ क्लेम चेक प्रदान किया गया। दूसरा मामला रुदावल क्षेत्र का है, जहां बीमाधारक केवल एक वर्ष तक ही बीमा प्रीमियम जमा कर पाए थे, लेकिन आकस्मिक निधन के बाद डाक विभाग द्वारा सभी औपचारिकताएं पूर्ण करते हुए उनके आश्रित को 11,56,000 (ग्यारह लाख छप्पन हजार रुपये) की संपूर्ण डेथ क्लेम राशि का चेक प्रदान किया गया। दोनों ही मामलों में यह राशि का चेक माननीय डाक अधीक्षक महोदय द्वारा स्वयं उपस्थित रहकर आश्रित परिवारों को सुपुर्द की गई। इस अवसर पर डाक अधीक्षक राम करण मीणा ने कहा डाक जीवन बीमा हर व्यक्ति के लिए अत्यंत आवश्यक है। जीवन अनिश्चित है, ऐसे में यह योजना परिवार के भविष्य को सुरक्षित करने का मजबूत माध्यम है। कम प्रीमियम में अधिक सुरक्षा देने वाली यह योजना हर नागरिक को अवश्य अपनानी चाहिए। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की आर्थिक सहायता अपनों की कमी को पूरा नहीं कर सकती, लेकिन डाक जीवन बीमा संकट की घड़ी में परिवारों के लिए बड़ा संबल अवश्य बनता है। डाक विभाग द्वारा नागरिकों से आग्रह किया गया है कि अपने परिवार की सुरक्षा और भविष्य की मजबूती के लिए प्रत्येक व्यक्ति को डाक जीवन बीमा अवश्य कराना चाहिए, ताकि अनहोनी की स्थिति में परिवार आर्थिक रूप से सुरक्षित रह सके।

# परिवार और समाज का संगठित होना राष्ट्र की मजबूती का आधारः कुलश्रेष्ठ

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** अखिल भारतीय कुलश्रेष्ठ महासभा के त्रैवार्षिक अधिवेशन 2025 फरीदाबाद में 28 दिसम्बर को अपने उद्बोधन में धौलपुर राजस्थान से उपस्थित राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महावीर प्रसाद कुलश्रेष्ठ ने कहा कि परिवार और समाज का संगठित होना राष्ट्र की मजबूती का आधार है। 1901 से समाज सेवा के लिए किए गए कार्यों में पीढ़ी दर पीढ़ी युवा, महिलाएं व वरिष्ठजनों की भागीदारी हौंसला बढ़ाती रही है। पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व संरक्षक निर्मल कुलश्रेष्ठ फरीदाबाद ने विभिन्न शहरों से कुलश्रेष्ठ सभाओं' से आए अध्यक्ष व मंत्रियों और समाजसेवी कार्यकर्ताओं को समाज की सेवा में अग्रणी भूमिका निभाने का अनुरोध किया है, सामाजिक कार्यकर्ताओं को अपनी प्रतिभा साबित करने और अगले स्तर पर टीम तैयार करने की सोच, रणनीति और अपने प्रभाव से कुलश्रेष्ठ समाज को विश्व स्तर का उत्कृष्ट समाज बनाने का संदेश दिया। प्रत्येक



कुलश्रेष्ठ सभा से महिला, युवा व वरिष्ठजनों में से एक-एक ऐसा नाम अखिल भारतीय कुलश्रेष्ठ महासभा को प्रबंध कार्यकारिणी में सहयोग करने के लिए भिजवाने का संकेत भी दिया। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को 'तन मन धन' से सहयोग करने का अवसर परमात्मा की ओर से दिया गया है, उसका सदुपयोग करें। यहां यह उल्लेखनीय है कि विभिन्न शहरों के प्रतिष्ठित महानुभावों ने सक्रिय भाग लेकर 1991 में डॉक्टर हरस्वरूप कुलश्रेष्ठ मथुरा के प्रशंसनीय प्रयासों से शालिगराम कुलश्रेष्ठ अध्यक्ष मथुरा के कार्यकाल में अखिल भारतीय कुलश्रेष्ठ महासभा का विधिवत पंजीयन; निबन्धक कार्यालय फर्म्स सोसायटी व चिट्स, आगरा में कराया गया है। यूं तो अखिल भारतीय कुलश्रेष्ठ महासभा की स्थापना आगरा में ही वर्ष 1901 में राय बहादुर, गंगा प्रसाद की अध्यक्षता में कुलश्रेष्ठ सभा के नाम से अस्तित्व में आई। इस सभा को प्रगति के पथ पर ले जाने का श्रेय तत्कालीन अध्यक्ष दीवान बहादुर मुंशी रोशन लाल रईस बरहन व राय बहादुर स्वरूप नारायण को है। इस समय की कार्यकारिणी में विभिन्न सभाओं के कुलश्रेष्ठ समाजसेवी शामिल हुए। सभी के प्रयास से देश-विदेश व विभिन्न प्रांतो शहरों के हजारों कार्यकर्ता कुलश्रेष्ठ समाज को तन मन धन से सहयोग कर रहे हैं। 28 दिसंबर 2025 को हुए शपथ ग्रहण में अध्यक्ष पद पर अरुण कुलश्रेष्ठ व महासचिव पद पर संजय मोहन कुलश्रेष्ठ को निर्वाचित घोषित किया गया और 11 अन्य कार्यकारिणी प्रबंध समिति के सदस्यों को शपथ ग्रहण दिलाने का कार्य डॉक्टर सुभाष चन्द्र कुलश्रेष्ठ पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व संरक्षक ने किया। डॉ सुभाष चन्द्र कुलश्रेष्ठ, डॉ इन्द्रेश नारायण कुलश्रेष्ठ व निर्मल कुमार कुलश्रेष्ठ तीनों पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संरक्षक व निर्वाचन अधिकारी प्रभात कुलश्रेष्ठ ने अधिवेशन में उपस्थित होकर बी डी कुलश्रेष्ठ लखनऊ व एस पी भांति अलीगढ़ पूर्व में राष्ट्रीय अध्यक्ष व संरक्षक की ओर से सोशल मीडिया के माध्यम से नव निर्वाचित राष्ट्रीय कार्यकारिणी को आशीर्वाद दिया गया। समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य स्वयं आगे आकर करना होता है, सही व्यक्ति को सही समय पर जिम्मेदारी दी जाती है और आगे बढ़ने का अवसर दिया जाता है। भविष्य के मौके की पहचान कर आगे की प्लानिंग करना, समाज सेवा का सबसे बढ़िया तरीका है जो चल रहा है वह ठीक है। ऐसी सोच को दरकिनार करना पड़ता है, क्योंकि समाज सेवा करते समय सकारात्मक सोच के साथ कार्य करने पर ही अच्छे परिणाम हासिल होते हैं। कहते रहने से और सुनते रहने से समाज को कुछ हांसिल नहीं होता। निर्मल कुमार कुलश्रेष्ठ जी का संदेश सभी कुलश्रेष्ठ सभाओं तक पहुंच कर वहां से सक्रिय कार्यकर्ताओं की एक सूची 15 से 20 दिन में राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुण कुलश्रेष्ठ व महामंत्री संजय मोहन कुलश्रेष्ठ फरीदाबाद को भिजवाने का निवेदन भी किया जा रहा है। आशा है नव वर्ष सबके लिए मंगलमय होगा। परमात्मा सबको सकारात्मक सोचने का अवसर देगा और सकारात्मक परिणाम प्राप्त करने का अवसर देगा।

## पुलिस बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन, प्रतिभागियों ने दिखाया दमखम

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर(निस)।** पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में पुलिस कर्मियों में खेल भावना जागृत करने, टीम भावना विकसित करने और खिलाड़ियों को नियमित रूप से खेलकूद से जुड़ने के लिए प्रेरित करने व अपने स्वास्थ्य के प्रति पुलिसकर्मियों को सजग करने के उद्देश्य से धौलपुर पुलिस बैडमिंटन टूर्नामेंट-2026 का आयोजन किया गया। धौलपुर पुलिस की ओर से आयोजित यह बैडमिंटन टूर्नामेंट 3 जनवरी को बृज बैडमिंटन अकैडमी, सुरजीत नगर, हुंडवाल रोड, धौलपुर में उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। इस खेल आयोजन में पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने अनुशासन, उत्साह एद्वव खेल भावना का उत्कृष्ट परिचय दिया। टूर्नामेंट का उदघाटन वैभव शर्मा आरपीएस अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, धौलपुर की ओर से रैकेट से शटल मारकर किया गया। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेलों को शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में मुख्य अतिथि के रूप में जिला कलेक्टर श्रीनिधि बी.टी. द्वस, सम्मानित अतिथि ए. निवृत्ति सोमनाथ द्वस, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद धौलपुर तथा विशिष्ट अतिथि मितिका दहिया, द्वरस (पुलिस अधीक्षक धौलपुर की धर्मपत्नी), उप आयुक्त आयकर, जयपुर ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। फाइनल मुकाबले की पश्चात अतिथियो ने मैत्री मैच भी खेला। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान की ओर से आगंतुक अतिथियो का स्वागत किया गया और कार्यक्रम में पधारने के लिए उनका हार्दिक धन्यवाद व आभार व्यक्त किया गया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कांस्टेबल चंद्रकांत शर्मा व कांस्टेबल पप्पू गोस्वामी ने विजेता का खिताब प्राप्त किया, जबकि अंकुर कौशिक (निजी सहायक) व कांस्टेबल रवि पाठक ने उपविजेता स्थान हासिल किया। टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों की फिटनेस एवं त्वरित उपचार के लिए फिजियोथेरेपिस्ट के रूप में डॉ. दुष्यंत राजपूत ने अपनी सराहनीय सेवाएं प्रदान कीं, जिसके लिए आयोजकों व खिलाड़ियों ने उनका विशेष आभार व्यक्त किया

धौलपुर पुलिस बैडमिंटन टूर्नामेंट-2026 की समस्त व्यवस्थाओं के नोडल अधिकारी हरेंद्र सिंह रजाना, उप निरीक्षक थाना निहालगंज रहे, जिन्होंने आयोजन को सफल व सुव्यवस्थित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। साथ ही बृज बैडमिंटन अकैडमी के संस्थापक श्यामू भैया व उनके पुत्र व कोच देवकीनंदन जायसवाल का भी अकैडमी की ओर से प्रदान किए गए सहयोग एवं उत्कृष्ट खेल सुविधाओं के लिए धौलपुर पुलिस की ओर से पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान द्वारा विशेष आभार व्यक्त किया गया।

आयोजन समिति ने सभी अतिथि, प्रतिभागियों, विजेताओं व सहयोगी स्टाफ को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के खेल आयोजनों के माध्यम से पुलिस बल में स्वास्थ्य, ऊर्जा व सकारात्मक कार्यसंस्कृति को बढ़ावा देने का संकल्प व्यक्त किया।

## वाल्मीकि समाज ने मनाया नववर्ष मिलन समारोह

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** वाल्मीकि समाज का नववर्ष मिलन समारोह वाल्मीकि समाज की ओर से जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



राजाखेड़ा के मुख्य समाज सेवी ओमप्रकाश , जगदीश डागौर बसेड़ी, पूरन सिंह बागड़ी, मनीष डागौर, सुनील नरवार जिला अध्यक्ष कर्मचारी संस्था सोबरन नरवार महेश डागौर, लखन डागौर जिला कार्यक्रम में समाज में व्याप्त कुरीतियों पर विचार विमर्श किया गया। इस अवसर पर रामप्रकाश चौधरी, कालीचरण मुखिया, संतोष मुखिया, पारस चौधरी राजाखेड़ा, पूर्व सरपंच अशोक बीलपुर, लोकेंद्र पहाड़ी, मनोज मरैना व अध्यक्ष युवा संगठन, विनोद डागौर प्रदेश सचिव बृजेश लाहौरिया, जगवीर छित्तर, देवेंद्र छित्तर, पूर्व पार्षद शिवराम पथरौर इत्यादि ने नव वर्ष के मौके पर रमेश चंद साहू को सम्मानित किया

## नववर्ष मिलन कार्यक्रम 5 को

जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** तारानगर के जाट भवन में 5 जनवरी दोपहर 11 बजे स्थानीय विधायक नरेन्द्र बुड़ानिया व कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ओर से नववर्ष मिलन कार्यक्रम का आयोजन होगा जिसमें कार्यकर्ता क्षेत्र की प्रगति का भी संकल्प लेंगे। विधायक बुड़ानिया ने सभी कार्यकर्ताओं को पूरी टीम के साथ आने की अपील की है।

## तिथि बढ़ाने की मांग, एनएसयूआई ने सौंपा ज्ञापन

जयपुर टाइम्स

**सीकर(निस)।** कटराथल शेखावाटी विश्वविद्यालय में शुक्रवार को एन एस यू आइ छात्र संगठन ने फार्म जमा कराने व फार्म में करेक्शन की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। एन एस यू आइ छात्र नेता राकेश शर्मा ने बताया कि शेखावाटी विश्वविद्यालय के छात्र फार्म जमा कराने की तारीख को लेकर चिंतित हैं। दूर से आने वाले छात्र समय पर आकर जमा नहीं पाते। हमारे पास अनेक विद्यार्थियों ने आकर अपनी परेशानी को साझा किया। संगठन के पदाधिकारियों की ओर से फैसला लिया गया कि छात्रों की मांग को लेकर एन एस यू आइ छात्र संगठन हमेशा तैयार रहा है। आज भी प्रवेश प्रभारी को फार्म जमा कराने की तिथि को लेकर ज्ञापन सौंपा। प्रभारी ने विधार्थी की परेशानी को देखते हुए आश्वासन दिया है। कमेटी से वार्ता कर जल्द विधार्थी को राहत प्रदान करेंगे। इसमें छात्र नेता अरुण शर्मा, मुकेश तारपुरा, पवन सैनी, पवन बीड़ोदिया अनेक संगठन पदाधिकारी मौजूद रहे।

## सैंपऊ में सर्व समाज ने निकाली अरावली बचाओ जन क्रांति पद यात्रा

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर(निस)।** जिले के सैंपऊ में अरावली पर्वतमाला के समर्थन में कदमखंडी से सैंपऊ मुख्य बाजार में होते हुए उपखंड कार्यालय तक राष्ट्रीय क्षत्रिय युवा एकता भारत के निर्देशन में संस्थापक कृष्णा परमार सैंपऊ के नेतृत्व में अरावली बचाओ जन क्रांति पद यात्रा निकालकर उपखंड कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। इस दौरान भारत माता व इंकलाब जिंदाबाद की नारों से पूरा सैंपऊ कस्बा गूंज उठा। पद यात्रा के दौरान श्री राष्ट्रीय क्षत्रिय युवा एकता भारत के संस्थापक कृष्णा परमार सैंपऊ ने बताया कि अरावली पर्वतमाला हमारी शान है, जब तक सुप्रीम कोर्ट अरावली के फैसले को पूरी तरीके से वापस नहीं ले लेता तब तक हमारी लड़ाई इसी तरह जारी रहेगी। आकाश शर्मा ने कहा कि अरावली काटने से पहले सरकार को हम युवाओं का सामना करना पड़ेगा। करन परमार ने कहा कि 21 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट में अरावली की होने वाली सुनवाई में अरावली के पक्ष में फैसला नहीं लिया गया तो अरावली पर्वतमाला के सम्मान में देशभर में सर्व समाज का युवा सड़कों पर उतरेगा। पद यात्रा की व्यवस्थाओं में नरेंद्र परमार, आकाश परमार, दुष्यंत जादौन, कनिष्क परमार, देवेंद्र सिसोदिया, राकेश परमार, सुखवेंद्र सिंह परमार, हरेंद्र परमार ने सहयोग किया। अरावली बचाओ जन क्रांति पद यात्रा में चंद्रशेखर परमार, मानवेंद्र परमार, अर्जुन सिकरवार, मोनू राघव, बॉबी परमार, राजवीर कुशवाहा, अनिल कुशवाहा, दिलीप तोमर, शैलेंद्र परमार, रामू कुशवाहा, अंशुल परमार, सूर्या कुशवाहा, प्रदीप सिंह, गौरव लोधी व सैकड़ो की संख्या में सैंपऊ के सर्व समाज के युवा उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिला परिवहन व सड़क सुरक्षा विभाग की ओर से सड़क सुरक्षा व राज्य मंत्रालय भारत सरकार के आदेश की पालना में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है। जिला यातायात के सहयोग से मनाएं जा रहे माह के अंतर्गत रेल्वे स्टेशन, गुलाब बाग चौराहे पर टेंपो चालकों के बीच समझाइश अभियान चलाया गया। जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव ने बताया कि टेंपो चालकों के बीच सघन समझाइश अभियान चलाया गया है। टेंपो चालकों को पंपलेट वितरित की गई है। पता होना यातायात नियमों की पालना करने के लिए हिदायत दी गई है। परिवहन निरीक्षक श्रीकांत कुमावत में चालकों से कहा कि वह सदैव वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें



और जब भी सड़क पर कोई दुर्घटना में घायल आपको दिखाई दे तो तत्काल प्रभाव से उसे नजदीकी चिकित्सालय में पहुंच कर मानव धर्म निभाएं। उन्होंने कहा कि पुलिस की ओर से आपसे किसी प्रकार की कोई पूछताछ नहीं की जाएगी और राजस्थान सरकार की ओर से गुड सेमीरेटन के रूप में आपको सम्मानित किया जाएगा। जिला यातायात प्रभारी बलविंदर सिंह ने कहा कि मानव धर्म को ऊपर रखते हुए घायलों को चिकित्सालय पहुंचाएं और सदैव वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें। उन्होंने टेंपो चालकों से कहा कि क्षमता से अधिक सवारियां वाहन में ना बैठाएं। कोहरे के समय रिफ्लेक्टर का उपयोग करें। वह वाहन की हेड लाइट दुरुस्त रखें, तथा वहां के सभी जरूरी दस्तावेज अपडेट रखें। इस अवसर पर यातायात विभाग की ओर से एएसआई महेश कुमार, महिला हेड कांस्टेबल बीना सिंह, गुंजन, अशोक, देवेंद्र सिंह, राजकुमार व राजवीर मुख्य रूप से उपस्थित रहे।


### आम सुचना

यह कि मेरी अभिभाष्या श्रीमति संतरा पत्नी श्री महावीर प्रसाद जाति जाट निवासी भिलुण्डा तहसील लक्ष्मणगढ जिला सीकर का एक खरीदशुदा भूखण्ड नं 08 वाकें ग्राम गनेडी उपतहसील नेछवा तहसील लक्ष्मणगढ जिला सीकर स्थित है। उक्त भूखण्ड पर मेरी अभिभाष्य ऋण लेना चाहती है। इसलिये उक्त भूखण्ड नं 08 के सम्बन्धित पूर्व दस्तावेज विक्रय पत्र दिनांक 09/09/2016 की मूल दस्तावेज की फोटो कॉपी करवाने के लिये ग्राम भिलुण्डा से नेछवा गयी तो उक्त स्थान में ही कही गुम हो गई जो काफी तलाश करने के बावजूद भी नही मिला है इस सम्बन्ध में मेरे अभिभाष्या ने एक गुमशुदगी रिपोर्ट संख्या LR NO 3008639/2026 दिनांक 02/01/2026 को दर्ज करवाई। यदि किसी सज्जन को मिले तो मेरे कार्यालय में या मेरे अभिभाष्या को सुचित करने का कष्ट करे दुरूपयोग ना करे यदि उक्त भूखण्ड नं 8 के सम्बन्ध में यदि किसी भी शक्स नाते रिश्तेदार, बैंक, सरकारी, गैर-सरकारी संस्था, वित्तीय संस्थान को इस सम्पत्ति के टाइटल स्वामित्व सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो आम सूचना के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर मय दस्तावेज मुझ से सम्पर्क करें। अन्यथा वाद गुजरने मयाद किसी भी शक्स की आपत्ति आयी तो वह मेरे व्यवहारी के मुकाबले भेजा, बेअसर व शून्य समझी जावेगी
दिनांक 02/01/2026

वास्ते किशोर कुमार एडवोकेट
मौ. नं 9785403566

### कार्यालय ग्राम पंचायत जयसिंहपुरा, पं.स. कोटपूतली

क्रमांक / ग्रा.प. ज. / ई-टेण्डर / 2025-26/141 दिनांकः 02.01.2026

ई-निविदा सूचना 04 / 2025-26

पंचायत समिति कोटपूतली के अधीनस्थ ग्राम पंचायत जयसिंहपुरा में विभिन्न योजनाओं में स्वीकृत निर्माण कार्यों को सम्पादित करानें हेतु राजस्थान पंचायतीराज अधिनियम 1996 के नियम 181 के अन्तर्गत पंचायती राज विभाग/जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग / सार्वजनिक निर्माण विभाग / जन संसाधन विभाग / नगर निगम एवं केन्द्रीय/राज्य सरकार व उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया से ऑनलाईन बोली आमंत्रित की जाती है। बोली शुल्क, अमानत / धरोहर राशि, प्रोसेसिंग फीस व बोली विशिष्ठियां का सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट www. eproc. rajasthan.gov.in एवं www.sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।
NIB No. PFE2526A0117
UBN No.- PFE2526WSOB00307-308

प्रशासक
ग्राम पंचायत जयसिंहपुरा

### कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सा.नि.वि. नगर खण्ड- तृतीय, जयपुर

क्रमांक- 5346 दिनांक 30.12.2025

अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या 79 / 2025-26

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा का कार्य | : | निर्माण एवं मरम्मत का कार्य । |
| 2 | कार्यों की संख्या | : | 4 works |
| 3 | निविदा की कुल लागत (रूपयों में) | : | 3.06 Lac |
| 4 | धरोहर राशि | : | 6120.00/- |
| 5 | निविदा प्रपत्र बिक्री की अन्तिम तारीख | : | 05.01.26 |
| 6 | निविदा प्रपत्र जमा कराने की तारीख | : | 06.01.26 |
| 7 | निविदा खोलने की तारीख | : | 06.01.26 |

| NIT S.NO. | UBN NO. |
|---|---|
| 1 | PWD2526WSOB19682 |
| 2 | PWD2526WSOB19683 |
| 3 | PWD2526WSOB19684 |
| 4 | PWD2526WSOB19685 |

DIPR/C/47/2025

(पवन कुमार कुलश्रेष्ठ)
अधिशाषी अभियन्ता
सानिवि नगर खण्ड तृतीय जयपुर

### कार्यालय ग्राम पंचायत बस्सी झाझडा पं.स जोबनेर जिला जयपुर

क्रमांक- 2025-26/बस्सी झाझडा/134 दिनांक- 2/12/2025

ऑनलाईन ई-निविदा सूचना 2025-26/05

पंचायत समिति जोबनेर के अधीन ग्राम पंचायत बस्सी झाझडा राज्य वित्त आयोग षष्ठम एवं पन्द्रहवॉ वित्त आयोग के अन्तर्गत स्वीकृत कार्यो को सम्पादित करने हेतु राजस्थान पंचायती राज अधिनियम 1994 एवं नियम 1996 के नियम 181 (2) के अन्तर्गत तथा राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के अनुसार राजस्थान पंचायती राज विभाग सार्वजनिक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, नगर निगम एवं राज्य सरकार के अधिकृत संगठनों में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के संवेदकों से ई-टेण्डरिंग की प्रक्रिया द्वारा निविदाए आंमत्रित की जाती है। निविदा उपापन पोर्टल http//sppp.rajasthan.gov.in एवं http//eproc.rajasthan.gov. पद पर देखी जा सकती है। विवरण इस प्रकार है:-

| क्र. स. | बोली का विवरण | अनुमानित लागत | बोली प्रतिभूति राशि (रूपये में) | बोली प्रपत्र शुल्क (रूपये में) | M.D RSIL शुल्क (रूपये में) | बोली प्रपत्र डाउनलोड एवं अपलोड शुरू करने की दिनांक व समय | बोली प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक व समय | बोली खोलने की दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | |
| 1 | सी. सी ब्लॉकनिर्माण कार्य ग्रेवल सडक से तेजाजी मंदिर तक ढाणीचंदपुरा | 7.00 लाख | 14000 | 500 | 500 | 2.12.25 | 9.1.2026 11:00 बजे | 10.01.26 02:00 बजे |

नोटः- बोली प्रतिभूति राशि, बोली प्रपत्र शुल्क ई-ग्राम चालान ऑनलाईन ग्राम पंचायत के खाते में जमा कराये जा सकते है M.D RSIL तथा शुल्क आवश्यक रूप से चालान के माध्यम से ही जमा कराया जावें तथा इसकी D.D स्वीकार्य नहीं होगी।
NIB code- ZJP2526A1395 UBN code- ZJP2526WSOB02087

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत बस्सी झाझडा

प्रशासक
ग्राम पंचायत झाझडा

# शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, रविवार
4 जनवरी, 2026


## जरूरतमंदों को होगी रजाईयां वितरित



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** समाज सेवी भामाशाह अमरसिह चारण की प्रेरणा से उनके पुत्र गुरुकुल एज्यूकेशन के निदेशक डॉ. सुभाष चारण के सौजन्य से बढ़ती सर्दी को देखते हुए तारानगर शहर व ग्रामीण क्षेत्र में जरूरतमंद लोगों को वितरित की जाने वाली गर्म रजाई व कंबल से भरी गाड़ियों को डीएसपी रोहित सांखला व सीआई सतपाल बिश्नोई ने हरी झंडी देकर रवाना किया। अमरसिँह चारण ने बताया कि सुभाष के सौजन्य से 100 गर्म रजाई व कंबल वितरित की जा रही है जो तारानगर शहर व ग्रामीण क्षेत्र के गाँव सेउवा, लुणास करणीसर आदि में जरूरतमंद लोगों को वितरित की जाएगी। सांखला व बिश्नोई ने पुलिस स्टाफ की तरफ से चारण परिवार का आभार व्यक्त किया।

## समाधान से ही विकास कार्य की सार्थकता: महर्षि



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने शनिवार को भाजपा कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए आमजन की विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर सम्बंधित विभाग के अधिकारीयों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान महर्षि ने कहा कि समस्याओ का निराकरण सतत प्रक्रिया से होता रहना चाहिए। लम्बे समय तक समस्याओं की अनदेखी विकास के द्वार बंद करती है। समाधान से ही विकास कार्य की सार्थकता होती है। महर्षि ने कहा जनसुनवाई के माध्यम से आमजन को केन्द्र व् राज्य की भाजपा सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का फायदा मिलने के साथ ही समस्याओं के निराकरण भी हो रहे है। जनसुनवाई में महर्षि ने विभिन्न विभागों की समस्याओं के समाधान के लिए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए इस अवसर पर दर्जनों की संख्या में भाजपा नेता व क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## स्वयंसेवकों ने किया ग्रामीण क्षेत्र में सर्वेक्षण



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय जी.एच.एस. राजकीय महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई प्रथम व द्वितीय के सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतर्गत कॉलेज के स्वयंसेवकों की ओर से गोद लिए गए गाँव में सामाजिक व विकासात्मक आवश्यकताओं पर सर्वेक्षण किया गया। इस सर्वेक्षण का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा, स्वच्छता, स्वास्थ्य, सरकारी योजनाओं की जागरूकता तथा बुनियादी सुविधाओं की वास्तविक स्थिति का आंकलन करना रहा। स्वयंसेवकों ने घर-घर पहुँचकर परिवार संरचना, बच्चों की शिक्षा, पेयजल व स्वच्छता सुविधाएँ, आय के स्रोत, शौचालय एवं आवास की उपलब्धता, विधवा पेंशन, श्रमिक व किसान कल्याण योजनाओं के लाभ जैसी सूचनाएँ एकत्रित की। ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी करते हुए अपने सुझाव भी साझा किए। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी हरिलाल जांगिड व दिव्या जांगिड ने बताया कि सर्वेक्षण से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर यह पहल गाँव के समग्र विकास और युवाओं में सामाजिक दायित्व की भावना को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम में एनएसएस स्वयंसेवकों, स्थानीय ग्रामवासियों और कॉलेज प्रशासन का सक्रिय सहयोग रहा।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निंस)।** पिता की दवा लेने के लिए फतेहपुर से रतनगढ़ आ रहे युवक को एक कैम्पर ने टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक को चूरू में भर्ती करवाया गया, जहां पर उसकी हालत गंभीर होने पर उसे हायर सेंटर रैफर कर दिया। उपचार के दौरान युवक की शुक्रवार को मौत हो गई। पुलिस ने प्रकरण में मृतक के भाई की रिपोर्ट पर कैम्पर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लाश का शनिवार को पोस्टमार्टम करवाकर शव अंतिम संस्कार के लिए परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस ने बताया कि फतेहपुर के वार्ड 36 निवासी 30 वर्षीय राहुल पुत्र जगदीश मेघवाल ने रिपोर्ट दी कि उसका छोटा भाई 27 वर्षीय गुलशन 30 दिसंबर को बाइक पर सवार होकर फतेहपुर से रतनगढ़ पिता जगदीश की दवा लेने के लिए आ रहा था। रतनगढ़ में लूंछ फांटा के पास पीछे से आ रही एक कैम्पर के चालक ने तेज गति व लापरवाही से वाहन को चलाकर गुलशन की बाइक के पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में गुलशन गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे चूरू अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर उसकी हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद जयपुर रैफर कर दिया, जहां पर उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने कैम्पर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच एएसआई रामनिवास कर रहे हैं।

# सम्मान से मिलती है नव सृजन की प्रेरणा: महर्षि



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि का शहर के वार्ड नंबर 5 के मोहल्लेवासियों ने सीमेंटेड ब्लॉक लगवाकर नया चौक निर्माण करवाने पर स्वागत व अभिनन्दन किया। मोहल्लेवासियों ने महर्षि का साफा, शोल व् पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम के शुभारम्भ पर महर्षि का भव्य आतिशबाजी करते हुए मंच तक ले जाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी गंगाधर काछवाल ने की। कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथि धन्नाराम प्रजापत, दीपाराम निरानिया, ओमप्रकाश सोनी, भीवाराम माली,विद्याधर नाई, शंकरलाल माली, निरंजन गौड़, दीनदयाल पारीक आदि रहे। इस दौरान महर्षि ने कहा कि क्षेत्रवासियों की ओर से दिए गए सम्मान से नई ऊर्जा का संचार होता है। जो निरंतर मुझे ओर अधिक कार्य करने के लिए प्रेरित करता है। महर्षि ने कहा आप और हम मिलकर क्षेत्र के विकास कार्यों को आगे बढ़ाएगें। कार्यक्रम में दिए गए सम्मान से मुझे नव सृजन की प्रेरणा मिलती है। इस दौरान वार्डवासियों ने नव निर्मित चौक का नाम अटल स्मृति वर्ष के अंतर्गत अटल चौक रखा है। भाजपा नेता देवी सिंह पडिहार ने शहर में हो रहे विकास कार्यों की रूपरेखा प्रस्तुत की। पडिहार ने कहा कि सच्चा जननेता क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर हरदम सक्रीय रहता है। पूर्व विधायक महर्षि निरंतर विकास कार्य करवाने में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते हुए नए आयाम स्थापित कर रहे है। शहर के वार्ड नंबर 01 में भागीरथ जोहड़ में चल रहे सफाई अभियान के साथ चार दिवारी निर्माण करवाना अपने आप में ऐतिहासिक कार्य है जिसके लिए पडिहार ने महर्षि का साधुवाद दिया। कार्यक्रम अध्यक्ष गंगाधर काछवाल ने सभी ने सभी आयोजनकर्ता व वार्डवासियों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा मण्डल महामंत्री डॉ अरुण पंचलगिया ने किया। इस अवसर पर भाजपा नेता अरुण सिंह फ्रांसा, जिला प्रवक्ता ओम महर्षि, राजेश जोशी, विकास सारस्वत, भंवरलाल माली, योगेश सारस्वत, गिरधारी प्रजापत, भरत सारस्वत, ललित ओझा, मांगीलाल बावलिया, काशीराम जोशी, महेश सेवदा, मन्नालाल भूढाढरा, प्रदीप शर्मा, उमेश भारदवाज,रुपेश माली, चन्द्रप्रकाश माली, रणजीत प्रजापत, चाँदरतन प्रजापत, कृष्णकांत काछवाल, निरंजन रुन्थला, भीमराज प्रजापत, दीपक मुरारका, हेमंत पंवार, सुभाष भूण,संजय सारस्वत, जीवण भाटी, कन्हैयालाल चौमाल, किशनलाल घोडेला, बजरंगलाल लुहानिवाल, दीपचन्द प्रजापत, प्रदीप सैनी,हनुमान सिंह,पृथ्वी सिंह, गोविन्द कठौड सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्त्ता अवम वार्डवासी उपस्थित रहे।

## राजकीय उप जिला अस्पताल के आगे कीचड़ से आमजन परेशान



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के राजकीय उप जिला अस्पताल के मुख्य गेट के आगे कीचड़ होने से हालात दिन पर दिन गंभीर होते जा रहे हैं। कीचड़ होने के कारण लोगों को अस्पताल के अंदर जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जिम्मेदार लोग अपनी जिम्मेदारी को भूलकर इस समस्या के समाधान को लेकर कोई प्रयास करते हुए नजर नहीं आ रहे हैं। जिससे लोगों में काफी आक्रोश भी देखा जा रहा है। राजकीय उप जिला अस्पताल में इलाज करवाने के लिए आने वाले लोगों को इस कीचड़ के अंदर से गुजरना पड़ता हैं। जिससे कुछ महिलाएं व पुरुष इस कीचड़ में गिरकर चोटिल भी हो गए। लोगों का कहना है कि इस समस्या का स्थाई समाधान करना चाहिए। जिससे क्षेत्र के सबसे बड़े अस्पताल में आने वाले लोगों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। लेकिन पिछले कुछ महीनों से राजकीय उप जिला अस्पताल के आगे पानी भराव की समस्या होने के कारण कीचड़ होने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। लोगों का कहना है कि इस समस्या का जिम्मेदार लोगों को जल्द ही समाधान करना चाहिए। जिससे अस्पताल में आने वाले मरीजों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। अब देखना यह होगा कि क्षेत्र को स्वच्छ व सुंदर बनाने वाले जिम्मेदार लोग इस तरफ कब ध्यान देंगे और इस समस्या का स्थाई समाधान करवा कर राजकीय उप जिला अस्पताल में आने वाले लोगों को राहत देंगे।

## प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फुले की जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** स्थानीय श्री देवीदास हनुमान बगीची संस्था में सर्व समाज की ओर से भारत की प्रथम महिला शिक्षिका, संपूर्ण महिला शक्ति की उद्धारक, सामाजिक समता की प्रतिमूर्ति व महान कवयित्री सावित्री बाई फुले की 196वीं जयंती शनिवार को मोहनलाल आर्य की अध्यक्षता में समारोह पूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर सर्व समाज के लोगों ने फुले के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित किए। कार्यक्रम में राधेश्याम स्वामी, आशाराम सैनी, डॉ. अशोक शर्मा गिरधारी लाल तंवर, घड़सीराम स्वामी, रिछपाल सिंह चारण, रामरतन सिहाग, चानणमल सैनी, भंवर सिंह पड़िहार, जयंत पड़िहार, कन्हैयालाल प्रजापत, महावीर स्वामी व श्रवण सेन ने सावित्री बाई फूले के जीवन पर प्रकाश डालते हुए वर्तमान परिप्रेक्ष्य में शैक्षणिक, सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक पहलुओं पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर वक्ताओं ने सर्वसम्मति से अनेक प्रस्ताव पारित किए। जिसमें 19वीं सदी की महानायक दम्पति सावित्री बाई फुले व ज्योतिबा फुले को भारत रत्न पुरस्कार देने की मांग की। साथ ही देश के प्रत्येक नागरिक गरीब, वंचित, शोषित लोगों की शैक्षणिक, सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक उन्नति, विकास और भागीदारी दिलाने, राष्ट्रीय योजनाएं बनाने व क्रियान्वयन करने के लिए जनगणना के साथ-साथ जातिगत जनगणना व्यवस्थित करवाने की मांग की और सभी महापुरुषों की जयंतियां सार्वजनिक रूप से मनाने की मांग की। कार्यक्रम में उषा देवी, शांति देवी, सुमन देवी, माया देवी, धनी देवी, वंदना देवी, अनुराधा देवी, सुलोचना देवी, देवकिशन सैनी, बैजूराम जांगिड़, ओंकारमल सैनी, आनंद बालाण, हंसराज सावा, राधेश्याम सैनी, जगदीश मेघवाल, हरिकिशन जांगिड़, सुरेश पंवार, मदनलाल रोलण, एडवोकेट नरेंद्र सैनी, वरुण सैनी, गोगराज सैनी, सुशील स्वामी, बाबूलाल सैनी, विकास तंवर, कन्हैयालाल सैनी, अस्त अली खान, बजरंग सैनी, श्रीराम सैनी, सांवरमल बरोड, सांवरमल तंवर, भवानी शंकर सोनी, जयप्रकाश सैनी, शीशराम माहिच, सुभाष सैनी, गणेशाराम तंवर सहित बड़ी संख्या में सर्व समाज के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संस्था अध्यक्ष चंद्रमोहन सैनी ने किया।

## आत्महत्या प्रकरण में कार्रवाई की मांग, ग्रामीण लामबद्ध



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** गांव बछरारा के युवक की ओर से आत्महत्या करने के प्रकरण में दोषी लोगों के विरूद्ध कार्रवाई करने की मांग को लेकर गांव के लोग शनिवार को लामबद्ध हो गए और नारेबाजी करते हुए पुलिस थाने में अपना आक्रोश जताया। कांग्रेस नेता रामवीरसिंह राईका, समाजसेवी रामकरण खीचड़ व करणी सेना के तहसील अध्यक्ष विक्रमसिंह बछरारा के नेतृत्व में गांव के दर्जनों लोग लिंक रोड स्थित भरतिया सामुदायिक भवन के पास एकत्रित हुए और वहां से जुलूस के रूप में नारेबाजी करते हुए पुलिस थाना पहुंचे, जहां पर थानाधिकारी के नाम सब इंसपेक्टर सुभाषचंद्र को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि राकेश की पत्नी रीना व रिश्ते में मामा परमेश्वर ने युवक को आत्महत्या के लिए उकसाया था, जिस पर 27 दिसंबर को राकेश ने गांव में स्थित खेत में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। राकेश की ओर से आत्महत्या करने के बाद सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के माध्यम से आत्महत्या के कारणों का पता चल पाया है। ज्ञापन में मांग की है कि दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए व पीड़ित पक्ष को न्याय दिलवाया जाए। ज्ञापन की प्रतिलिपि एसपी चूरू व मानवाधिकार आयोग को भी प्रेषित की गई है। ज्ञापन पर शंकरलाल कड़ेल, संदीपसिंह भोजासर, बाबूलाल स्वामी, कमलेश प्रजापत, भैरूसिंह, तेजू प्रजापत, बाबूलाल बुरड़क, पंकज बुरड़क, बाबूलाल कोका, रामावतारसिंह, महावीर धानक, बुधाराम, भागीरथ सोनी, भादर नायक, एडवोकेट सुभाष नैण, सुरेंद्रसिंह, ओमप्रकाश नैण सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## चायनीज मांझे से बालक घायल

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** मकर सक्रांति का पर्व ज्यों-ज्यों पास आ रहा है, त्यों-त्यों पतंगों की रूत परवान पर चढ़ती जा रही है। लेकिन इसके साथ ही आम रास्तों पर चायनीज मांझे का प्रकोप भी सामने आने लगा है। वार्ड न. 31 के 12 वर्षीय योगेश की चायनीज मांझे की चपेट में आने से अंगुली कट गई, जिसको अस्पताल में ले जाकर उपचार करवाने पर उसे तीन टांके लगाने पड़े। दूसरी ओर सामाजिक कार्यकर्ता सोहिल गोपालपुरिया ने डीएसपी दरजाराम बोस को एक ज्ञापन सौंपकर चाइनीज मांझा बेचने वाले लोगों पर सख्त कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि मकर सक्रांति का पर्व नजदीक आने के साथ ही चायनीज मांझे की बिक्री शहर में परवान पर है। चायनीज मांझे के कारण आए दिन लोग घायल होते रहते हैं, इसलिए चायनीज मांझा बेचने वाले लोगो के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही की जाए।

# विप्र फाउंडेशन ने किया नव कैलेण्डर का किया विमोचन



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के श्री भैरव कृपा निवास में विप्र फाउंडेशन की ओर से प्रकाशित वार्षिक कैलेंडर का भव्य विमोचन विप्र फाउंडेशन प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन राजपुरोहित के करकमलों से व विप्र फाउंडेशन के तहसील अध्यक्ष वैद्य महेंद्र शर्मा के सानिध्य में सम्पन्न हुआ। यह अवसर सामाजिक सशक्तिकरण, सांस्कृतिक चेतना एवं शैक्षणिक मूल्यों के प्रति समाज की प्रतिबद्धता का जीवंत उदाहरण बना। विमोचन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन राजपुरोहित ने कहा कि विप्र फाउंडेशन वर्षों से सेवा, संस्कार और समर्पण की भावना के साथ सतत कार्य कर रही है। उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर बल दिया कि विप्र फाउंडेशन सशक्तिकरण केवल अधिकारों तक सीमित न रहकर संस्कारयुक्त शिक्षा और दूरदर्शी मार्गदर्शन से ही पूर्णता प्राप्त करता है। तहसील अध्यक्ष वैद्य महेंद्र शर्मा ने कहा कि आज के समय में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना अत्यंत आवश्यक है। जिससे वह ज्ञान, विज्ञान और संस्कार–तीनों में संतुलित रूप से विकसित हो सकें। उन्होंने अत्यंत प्रेरक शब्दों में कहा कि परिवार ही प्रथम पाठशाला है। संस्कारवान विद्यार्थी ही शिक्षा की गुणवत्ता को समझकर राष्ट्र का नाम रोशन कर सकते हैं। युवा प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष सुनील मिश्र ने बताया कि 16 वर्षों की गौरवशाली गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि संस्था प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय सांस्कृतिक चेतना को केंद्र में रखते हुए वार्षिक अनेकानेक क्षेत्रों में विभिन्न प्रकारों के सेवा कार्यों के माध्यम से समाज की छिपी प्रतिभाओं को पहचानने, तराशने व मंच प्रदान करने का सतत प्रयास किया जाता है। उन्होंने वार्षिक कैलेंडर की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इसमें पिछले वर्ष आयोजित विविध कार्यक्रमों की झलकियां व सांस्कृतिक आयोजनों का जीवंत चित्रण सम्मिलित है जो संस्था की सक्रियता और रचनात्मकता का दर्पण है। जिला उपाध्यक्ष महेन्द्र देरासरी ने कहा कि विप्र फाउंडेशन भारत की सांस्कृतिक चेतना का वैश्विक स्तर पर विस्तार कर चुका हैं। कैलेण्डर विमोचन पर विप्र फाउंडेशन प्रदेश महामंत्री भरत शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता मदन मिश्र, तहसील महामंत्री राजकुमार गौड़, जिला उपाध्यक्ष विद्याधर नाथोलिया जयसंगसर, डॉ सचिन शर्मा, नरेन्द्र शर्मा, विकास पारीक, युवा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह राजपुरोहित, देहात अध्यक्ष मांगीलाल सेवदा, मदनलाल बबेरबाल, पंडित नवरतन शर्मा, पंडित कैलाश चौमाल, राजेन्द्र तिवारी साहवा, सुशील गुर्जरगौड़, रवि मिश्र, मनीष पांडिया, मोहित राव सहित अनेक कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी पदाधिकारियों ने सामुहिक अल्पाहार लिया। उपरोक्त जानकारी विप्र फाउंडेशन प्रदेश मीडिया प्रभारी पवन चोटिया ने दी।







स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।